VIGYANIKA
2019-20

जल संवर्धन

सम्पूर्ण जगत में जल का अद्वितीय महत्व है। जल का स्थान सजीवों के जीवन में वायु के समान है। हिन्दु धर्म शास्त्रों मे पानी, मनुष्य की काया के आधार पंचतत्वो (आकाश, वायु, अग्नि, पृथ्वी, पानी) में सम्मिलित है। दुनिया की सभी प्राचीन सभ्यताएँ नदियों के किनारे विकसित हुई हैं। संसार की सबसे पुरानी मानव सभ्यता संसार की सबसे बडी नदी 'नील नदी' के किनारे विकसित हुई थी। सभ्यताएँ हडप्पा जैसी सिंधु नदी के तट पर व चीनी सभ्यता हांगहो नदी के तट पर विकसित हुई थी।

जल सभी जीव, जन्तुओं की जीवन रेखा है। इस कथन का ऐतिहासिक सत्यापन प्राचीन मानव सभ्यताएँ करती हैं। परन्तु यह निराशाजनक सत्य है कि पृथ्वी का तीन–चौथाई भाग जल मनुष्य की पेयजल व घरेलु उपयोग सम्बन्धी जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहा है। जिन ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण नदियों के किनारे प्राचीन सभ्यताएँ विकसित हुई थीं सभी प्रदूषण की मार झेल रही हैं। नदियों का ७० प्रतिशत जल प्रदूषित हो चुका है। सागरों का खारा पानी पीने योग्य नहीं है। नदियों की भाँति प्राकृतिक झीलों में भी शहरों व औद्योगिक क्षेत्रों का कचरा बहाया जा रहा है। भूगर्भ जल जो की सर्वाधिक सुरक्षित माना जाता है रसायनों व उर्वरकों के अत्याधिक प्रयोग के कारण प्रदूषित हो रहा है। दिल्ली व कानपुर जैसे ज्यादा आबादी और बड़े औद्योगिक शहरों में भूगर्भ जल से दुर्गंध आती है। जोकि पेयजल के त्रिगुण (स्वादहीन, रंगहीन, गंधहीन) का पालन नहीं कर रहा है।

बुन्देलखण्ड जैसा क्षेत्र वर्षों से पानी की कमी की मार झेल रहा है। महिलाओं को पीने का पानी लाने के लिये कोसों दूर पैदल जाना पड़ता है। वहाँ पर यह कहावत प्रचलित है :

सुखी व बंजर जमीन होने के कारण उपज बहुत कम होती है और परिवार का ठीक से खर्च न चला पाने व महाजनों–सूदखारों का कर्ज न अदा कर पाने के कारण सैकड़ों किसान आत्मदाह कर चुके है। इसी क्षेत्र में भूगर्भ जल स्तर बहुत नीचे खिसक गया है व जलाशयों के खाली हो जाने के कारण वहाँ की जमीन धँस रही है। यह आपदा का संकेत है।

ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में झोपडपट्टी वाले इलाकों में सरकारी नलों से पानी भरने के लिए लम्बी कतारें लगानी पड़ती है और पानी भरने के लिये काफी लड़ाई–झगड़े होते हैं।

वर्तमान समय में कई अन्तरराष्ट्रीय संस्थाएँ जैसे – संयुक्त राष्ट्र विश्व बैंक और भारत सरकार कई बड़े कार्यक्रमों को आयोजित करके कार्यनीतियाँ व कानून बनाकर जल संरक्षण के लिये कदम उठा रही है। विश्व जल दिवस, जल सप्ताह, जल वर्ष व जल दशक आदि समय–समय पर घोषित किये जाते हैं जिससे लोग जल संवर्धन के प्रति प्रेरित हो सकें। जल संरक्षण के लिये कई योजनाएँ भी चलाई जाती है।

'विश्व जल दिवस' :-

ब्राजील के शहर रियो डि जेनेरो में संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में वर्ष १९९२ में आयोजित 'संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण व विकास सम्मेलन में '२२ मार्च' को 'विश्व जल दिवस' घोषित किया गया।

'विश्व जल सप्ताह' :-

प्रतिवर्ष ५ सितम्बर से ११ सितम्बर तक विश्व जल सप्ताह मनाया जाता है। इसका आयोजन स्टॉकहोम अन्तरराष्ट्रीय जल संस्थान के तत्वावधान में होता है।

'विश्व जल वर्ष :-

संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष २००३ को 'अन्तरराष्ट्रीय मृदु जल वर्ष' घोषित किया गया था।

'राष्ट्रीय नदी संवर्धन योजना'

गंगा कार्य योजना के क्रियाकलापों का पहला चरण वर्ष १९८५ में आरम्भ किया गया एवं इसे ३१ मार्च २००० को बंद किया गया। राष्ट्रीय नदी संवर्धन प्राधिकरण की कार्यवाही समिती ने गंगा कार्य योजना के प्रथम चरण से प्राप्त अनुभवों के आधार पर आवश्यक सुझाव दिए। इस कार्य योजना को देश की प्रमुख प्रदूषित नदियों में राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के अन्तर्गत लागू किया गया है।

गंगा कार्य योजना के दूसरे चरण को राष्ट्रीय नदी संवर्धन योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। विस्तृत राष्ट्रीय नदी संवर्धन योजना में अब १६ राज्यों की २७ नदियों के किनारे बसे १५२ जिले शामिल है।

इस कार्य योजना के तहत ५७ जिलों के प्रदूषण को कम करने के लिये कार्य किया जा रहा है। प्रदूषण को कम करने वाली कुल २१५ योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। अभी तक ६९ योजनाएँ इस कार्य योजना के तहत पूरी हो चूकी है। इसके अन्तर्गत लाखों लीटर प्रदूषित जल को रोककर उसकी दिशा में परिवर्तन करके परिष्करण करने का लक्ष्य रखा गया है।

गंगा नदी सफाई प्राधिकरण को विश्व बैंक ने गंगा नदी की सफाई के लिये अरबों डॉलर कर्ज मुहैया कराया है। इसके अलावा अनेक स्वयं सेवक समूह भी इस कार्य में लगे है।

भारत के संविधान के भाग चार 'क' के अंतर्गत अनुच्छेद–५१ 'क' के मौलिक कर्तव्यों में यह प्रावधान है कि नागरिकों का कर्तव्य है कि "प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव है, रक्षा करें और उसका संवर्धन करें तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे।" अतः किसी भी नदी या झील को प्रदूषित करना संविधान का हनन करता है। राष्ट्रकवि मैथलीशरण गुप्त के कथनानुसार "अपने अधिकारों की चाह रखने वालों पहले अपने कर्तव्यों का पालन करो।" इसका आशय है कि फैक्ट्री मालिक समय–समय पर अपने फायदे के लिये अधिकारों के अनुसार माँग तो करते हैं परन्तु अपने कर्तव्यों का ध्यान नही रखते है। वे नदियों में औद्योगिक कचरा बिना उपचारित किए हुए प्रवाहित करते है।

जल संवर्धन के लिये कुछ सुझाव निम्नांकित है :-

शहरों के औद्योगिक व घरेलू कचरे को नालों के माध्यम से नदियों मे बिना उपचार किए प्रवाहित न किया जाए।

वर्षाजल सर्वाधिक शुध्द जल माना जाता है। छतों में बारिश के पानी को एकत्र करके सीधें घरो के नीचे बनी टंकियों में एकत्रित कर सकते है। वर्षाजल को एकत्रित करने की इस विधी को वर्षा जल संचयन कहते है।

यदि हम नदियों, झीलों सहित जल संसाधनों के संकटो से आहत नही है तो साफ है कि कहीं–न–कहीं हम अपनी मानवीय संवेदनाएँ खो चुके है व अपने ही पाँव पर कुल्हाडी मार रहे हैं।

"पानी की हर एक बूंद अमूल्य है'
जल संवर्धन कर मानवी
जीवन का संवर्धन करें।

श्रद्धा फुकट
B.Sc. I

मेरी प्रिय पुस्तक

पुस्तकें हमारे लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे समय–समय पर एक अच्छे मित्र व गुरू की भुमिका अदा करती है व जीवन में सफलता दिलाने में इनका बड़ा योगदान होता है।

'रामचरितमानस' मेरा सबसे प्रिय ग्रंथ है। क्योंकि यह एक कहानी संग्रह मात्र ही नही है अपितु उससे अधिक है जिसमें दर्शन के साथ ही उत्तम चरित्र निर्माण हेतु सभी तथ्य विद्यमान हैं। यह पुस्तक अयोध्या के राजा श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित है जिन्हें हिंदु, भगवान के अवतार मानते है।

आधुनिक युग में हजारो सैकडो पुस्तके छपती है। अब तो हर जगह बडे–बडे पुस्तकालय भी खुल चुके हैं। आप अपनी मनपसंद पुस्तकें जाकर पढ़ सकते है। मेरी भी पुस्तकों में बड़ी रूचि है। मेरे पास बहुत पुस्तकें हैं, इन पुस्तकों का एक छोटासा पुस्तकालय घर में बन चुका हैं। मैंने विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकें एकठ्ठी कर रखी हैं।

मै प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक पुस्तकें खरीदता हूं। पुस्तकों से हमारे सामान्य ज्ञान में वृध्दि होती है। नये विचार पढ़ने को मिलते है। मेरी प्रिय पुस्तक महात्मा गांधी की आत्मकथा है। मेरे पास प्रेरणादायक कहानियाँ, नाटक, शुभ विचार और हिंदी लेख आदि से संबंधित पुस्तकें है।

कुछ होती है हल्की
कुछ होती है भारी
लेकिन इनमें होती है
दुनिया की हर जानकारी
अक्सर कुछ नया करने का
इनसे ही बनता ख्याब है
जिंदगी में सबसे अच्छा दोस्त
कोई और नहीं है किताब

पुस्तकों को बार बार पढ़ने से हर बार एक नयी दृष्टि प्राप्त होती है। इसी लिए अक्सर मै पढ़ता रहता हूँ।

मानव चरित्र, स्वभाव तथा कर्तव्य चित्रण पुस्तकों की प्रमुख विशेषता है। दुनिया भर की अनेक पुस्तकें है जिसके द्वारा हमें ज्ञान प्राप्त होता है। हम ज्ञान प्राप्त करके एक महान इंसान बन सकते है, जीवन को सही तरह से जी सकते हैं इन पुस्तकों में से एक है रामचरितमानस। वास्तव में रामचरितमानस एक ऐसा ग्रंथ है जो हमें ज्ञान प्रदान करता है, हमारा मार्गदर्शन करता है।

इसकी रचना महाकवि तुलसीदासजी ने लगभग ई.स. १६३१ में शुरू की। आज यह ग्रंथ कई भाषाओं में उपलब्ध है। यह एक ऐसा महाकाव्य है जिनसे हर कोई ज्ञान प्राप्त करके अपने जीवन को बदल सकता है। श्री रामचरितमानस में भगवान श्रीराम के चरित्र को सात कांडो में प्रस्तुत किया गया है।

आजकल जहां मानव अपने स्वार्थ के लिए ही सब कुछ करता है वही श्री रामचंद्रजी ने दूसरों के हित के लिए अपना जीवन जिया। उन्होंने पापियों का संहार किया और एक राजा के कर्तव्य को निभाते हुए प्रजा के प्रति अपने कर्तव्य को निभाया। अतः श्रीरामचरितमानस हम सभी को आदर्श जीवन की प्रेरणा देता है।

मानव के पारिवारिक व समाज के प्रति कर्तव्यों को योग्य दिशा प्रदान करता है। मन और आत्मा से क्लेश दूर करता है। अतः इस तरह के अनेक ग्रंथ व पुस्तकें बाजार में उपलब्ध है, हमें इन पुस्तकों का सदुपयोग कर अपने जीवन को सफलता की ओर ले जाना चाहिए।

तेजस चौधरी
B.Sc. IIIrd Year (V Sem)

प्रदूषण और पर्यावरण

प्रस्तावना - वैज्ञानिक युग में मानव को कुछ वरदान मिले है, तो कुछ अभिशाप भी मिलें हैं। प्रदूषण एक ऐसा अभिशाप हैं जो विज्ञान की कोख से जन्मा हैं और जिसे सहने के लिए अधिकांश जनता मजबूर हैं।

प्रदूषण का अर्थ - प्रदूषण का अर्थ है – प्राकृतिक संतुलन में दोष पैदा होना। न शुध्द वायु मिलना, न शुध्द जल मिलना, न शुध्द खाद्य मिलना, न शांत वातावरण मिलना।

प्रदूषण के प्रमुख प्रकार हैं वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण।

वायु-प्रदूषण - महानगरों में यह प्रदूषण अधिक है। यहां चौबीसों घंटे कारखानों का धुआँ, मोटर–वाहनों का काला धुआँ इस तरह फैल गया है कि स्वस्थ वायु में साँस लेना दूभर हो गया हैं। मनुष्य ने अपने विभिन्न क्रिया–कलापों एवं तकनीकी प्रयोगों द्वारा वायु को प्रदूषित किया है। वायुमंडल में सभी प्रकार की गैसों की मात्रा निश्चित है। प्रकृति में संतुलन रहने पर इन गैसों की मात्रा में कोई विशेष परिवर्तन नहीं आता, परंतु किसी कारणवश यदि गैसों की मात्रा में परिवर्तन हो जाता हैं तो वायु प्रदूषण होता हैं।

अन्य प्रदूषणों की तुलना में वायु प्रदूषण का प्रभाव तत्काल दिखाई पड़ता है। वायु में यदि जहरीली गैंस घुली हो वो तुरंत ही अपना प्रभाव दिखाती है और आस–पास के जीव–जंतुओं एवं मुनष्यों की जान ले लेती है। भोपाल गैस कांड इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। विभिन्न तकनीकों के विकास से यातायात के विभिन्न साधनों का भी विकास हुआ हैं।

एक ओर जहाँ यातायात के नवीन साधन आवागमन को सरल और सुगम बनाते हैं, वहीं दूसरी ओर ये पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं। नगरों में प्रयोग किए जाने वाले यातायात के साधनों में पेट्रोल और डीजल ईंधन के रूप में प्रयोग किए जाते हैं। पेट्रोल और डीजल के जलने से उत्पनन धुआँ वातावरण को प्रदूषित करता है।

औद्योगिकरण के युग में उद्योगों की भरमार है। विभिन्न छोटे–बड़े उद्योगों की चिमनियों से निकलने वाले धुएँ के कारण वायुमंडल में सल्फर डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन सल्फाइड गैस मिल जाते हैं। ये गैस वर्षा के जल के साथ पृथ्वी पर पहुँचते हैं और गंधक अम्ल बनाते है, जो पर्यावरण व उसके जीवधारियों के लिए हानिकारक होता हैं।

दफ्तर एवं घरेलू उपयोग में लाए जाने वाले फ्रीज और एयरकंडीशनरों के कारण क्लोरो–फ्लोरो कार्बन का निर्माण होता है, जो सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी त्वचा की रक्षा करनेवाली ओजोन परत को क्षति पहुंचाती है। विभिन्न उत्सवों के अवसर पर अत्यधिक पटाखेबाजी से भी वायु प्रदूषित होती है। वायु प्रदूषण से पर्यावरण अत्यधिक प्रभावित होता हैं।

जल प्रदूषण - कारखानों का दूषित जल नदी–नालों में मिलकर दुर्गन्धित कर जल प्रदूषित कर कई तरह की बीमारियाँ पैदा करता हैं।

शहरों में अत्यधिक आबादी होने के कारण फ्लैट निर्माण की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ताकि एक फ्लैट में तीन से छह परिवार आसानी से रह सकें। इन फ्लैटों में कम स्थान पर पानी की आवश्यकता अधिक होती है और वहाँ के भूमिगत जल भंडार पर दबाव बढ़ रहा है। डी बोरिंग निर्माण करते हुए वहाँ के भूमिगत जल का दोहन किया जा रहा हैं।

बस्तियों में कचरे की निकासी की उचित व्यवस्था न होने पर प्रायः लोग कचरे को तालाव या नदी के पानी में डाल देते हैं। तालाबों एवं नदियों के पानी का इस्तेमाल नहाने एवं कपड़े धोने के अलावा पशुओं को नहलाने के

लिए भी किया जाता है। कचरा, मल–मूत्र डाला जाता है, पुराने कपड़े शवों की राख, सड़े–गले पदार्थ डाले जाते हैं, इतना ही नहीं कभी–कभी शवों को नदियों में बहा दिया जाता हैं।

प्रारंभ में जब तकनीक का विकास नहीं हुआ था, तब लोग प्रकृति व पर्यावरण से सामंजस्य बैठाकन जीवनयापन करते थे, परंतु तकनीकी विकास एवं औद्योगीकरण के कारण आधुनिक मनुष्य में आगे बढ़ने की होड़ उत्पन्न हो गई। इस होड़ में मनुष्य को केवल अपना स्थार्थ दिखाई पड़ रहा हैं। और इसी स्वार्थ में मनुष्य जल को प्रदूषित कर रहा हैं। जल–प्रदूषण के कारण उनमें रह रहें जीव–जंतुओं का भी नाश हो रहा हैं।

ध्वनि प्रदूषण - मनुष्य शांत वातावरण में रहना पंसद करता है, परंतु आजकल वाहनों, कल–कारखानों का शोर, यातायात का शोर, मोटर गाड़ियों का शोर, लाउडस्पीकर की ध्वनि से प्राणी व मानवी समाज परेशान है।

मानव सभ्यता के विकास के प्रारंभिक चरण में ध्वनि प्रदूषण गंभीर समस्या नहीं थी, परंतु मानव सभ्यता ज्यो–ज्यों विकसित होती गई और आधुनिक उपकरणों से लैस होती गई, त्यों–त्यों ध्वनि प्रदूषण की समस्या विकराल व गंभीर हो गई। यह प्रदूषण मानव जीवन को तनावपूर्ण बनाने में अहम् भूमिका निभाता है। तेज आवाज न केवल हमारी श्रवणशक्ति को प्रभावित करती है, बल्कि यह रक्तचाप, हृदय रोग, सिर दर्द, अनिद्रा एवं मानसिक रोगों का भी कारण है।

औद्योगिक विकास की प्रक्रिया में देश के कोने–कोने में विविध प्रकार के उद्योगों की स्थापना हुई। इन उद्योगों में चलने वाले विविध उपकरणों से उत्पन्न आवाज से ध्वनि प्रदूषित होती है। विभिन्न मार्गों चाहे वह जलमार्ग हो, वायु मार्ग हो या फिर भू–मार्ग, सभी तेज ध्वनि उत्पन्न करते हैं। विज्ञापनदाता भी अपने उत्पादों का प्रचार तेज आवाज में करते हैं। डीप बोरिंग, क्रशर–मशीन, डोजर से खुदाई में अत्याधिक शोर होता है। विवाह या धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर वाद्य यंत्रों का अत्याधिक शोर ध्वनि प्रदूषण करता है। यह उपकरण अनावश्यक असुविधाजनक और अनुपयोगी ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करते हैं।

प्रदूषण की रोकथाम - अगर हम प्रदूषण जैसी समस्या से लड़ना चाहते है तो हमें वाहनों के उपयोग को कम करना होगा, कारखानों से निकलने वाले धुएँ को नियंत्रित करना होगा, जल बचाना होगा, कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों का उपयोग कम करना होगा। इसके साथ ही भूमि को प्रदूषण से बचाने तथा उसकी उर्वरता को बनाए रखने के लिए रसायनों और कीटकनाशकों के उपयोग को कम करना होगा। साथ ही अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा।

निष्कर्ष - पर्यावरण प्रदूषण मात्र एक देश की समस्या नही है बल्कि यह पूरे विश्व की समस्या है। इसे रोकने के लिए हम सब को साथ आना होगा, यदि इसे रोका नही गया तो आने वाले भविष्य में यह पूरे ग्रह के लिए खतरा बन जाएगा। इसके साथ ही यह पूरे पृथ्वी को भी बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है, जिससे यह मानव जीवन के लिए एक संकट बन गया हैं।

वर्षा भास्कर
B.Sc. I

विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

प्रस्तावना - विद्यार्थी अनुशासन का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। मानव जीवन की शुरूआत विद्यार्थी जीवन से होती है। यदि वह अनुशासनप्रिय हो तो जीवन में उसका सफल होना तय है। अनुशासन प्रिय विद्यार्थी हर किसी को प्रिय होते हैं।

अनुशासन ही मनुष्य को श्रेष्ठता प्रदान करता है तथा उसे समाज में उत्तम स्थान दिलाने में सहायता करता हैं विद्यार्थी जीवन में तो इसकी उपयोगिता और भी बढ़ जाती है क्योंकि यह उसके व्यक्तित्व का निर्माण समय होता हैं।

विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व :-

यदि विद्यार्थी अनुशासनहीन होगा तो ना उसे कोई पसंद करेगा और वह जीवन में अहिंसा, असत्य, गुरू का आदर न करना, गलत संगत में फंसना आदि व्याधियों में फंसकर अपने जीवन को लगातार बर्बाद करता चला जाएगा क्योंकि मनुष्य के ये बुरे गुण मनुष्य को एक जानवर के समान बना देते हैं और उसका जीवन नष्ट जो जाता है।

विद्यार्थी जीवन में ही बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक गुणों का विकास होता है, अतः उसका भविष्य सुखमय बनाने के लिए अनुशासन में रहना जरूरी है। किसी भी व्यवस्था में अनुशासित होकर कार्य करने में कोई परेशानी नहीं होती। इसके अलावा कार्य करते समय भय, शंका एवं गलती होने का डर नहीं होता। सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन में रहना जरूरी है।

अनुशासन का पाठ बचपन से परिवार में रहकर सीखा जाता है। विद्यालय जाकर अनुशासन की भावना का विकास होता है। अच्छी शिक्षा विद्यार्थी को अनुशासन का पालन करना सिखाती है। सच्चा अनुशासन ही मनुष्य को सभ्य मानव बनाता है। भय से अनुशासन का पालन करना सच्चा अनुशासन नहीं है।

वास्तव में अनुशासन के बगैर विद्यार्थी जीवन की कल्पना नही की जा सकती, जो विद्यार्थी अनुशासनहीन होता है वह अपने स्तर को लगातार गिराता जाता है। अनुशासनप्रिय विद्यार्थी ही सफलता के मापदंडो पर खरा उतर सकता है। वह देश समाज व खुद को बुलंदियों पर पहुंचा सकता है।

साएमा सिद्दिकी
B.Sc. I

प्रकृति आज खुली हवा में साँस ले रही हैं
फ़िज़ाएँ लगता है क़ैद से बाहर आ गयी हैं
आकाश, जल, जमीं लगता हैं,
पुराने मैले कपड़ों को छोड़ कर
नए नए से हो गए हैं।
मेरा घर, मेरे पैसे, मेरे साथी अब सब
बेमानी से लगने लगे हैं
कहाँ कुछ बदला है,
सिर्फ़ इतना ही हो फ़र्क़ है
मैं क़ैद हूँ पर फ़िज़ाएँ आज़ाद हैं।

विज्ञान एवं धर्म का मानवी जीवन का महत्व

धर्म की छत्रछाया में अधार्मिक व्यक्तियों का समूह आम लोगों को ठगने का प्रयास करते है तब विज्ञान का स्मरण करता है। सुनने में थोड़ा अजीब सा लगेगा कि जो भी हम दिन भर करते वह हमारा धर्म है। बशर्ते कि वह सुकर्म हो। धर्म व विज्ञान का परस्पर सामंजस्य भारतवर्ष के अलावा हमें विश्व में कही भी देखने को नहीं मिलता है।

हां यह शत प्रतिशत सत्य है कि भारत विश्व गुरू है। वर्तमान युग मे विज्ञान के क्षेत्र में अधिकांश उपलब्धि भारत की ही देन है, क्योंकि आज से लाखों वर्ष पूर्व विज्ञान की जो स्थिति भारत में थी, आज का विज्ञान सिर्फ उस दिशा में किया गया प्रयास भर है। कलयुग तक आते–आते यह धर्म ग्रन्थों में सीमित होकर रह गया। सूर्यनमस्कार क्योंकि सूर्य की पहली किरण स्वास्थ्यवर्धक व ऊर्जामय होती है इसीलिए हमारे धर्मग्रंन्थो में सूर्यादय से पहले स्नान व फिर सूर्यनमस्कार करना बताया गया है, इसके साथ ही कुछ योगासन भी बताए गए है जो सूर्यनमस्कार में करने होते है।

इसी तरह चन्दन व सिन्दूर का टीका लगाना इसके वैज्ञानिक कारण यह है कि हमारी दोनों आंखों के मध्य पीनीयल ग्रन्थी होती है जो की मास्टरग्रन्थी भी कहलाती है। सिन्दूर और चंदन का टीका लगाने से यह सक्रीय हो जाती है। चूंकि चंदन ठण्डी प्रवृत्ति के लोगों के लिए तथा सिंदूर गर्म प्रवृत्ति के लोगों के लिए लाभदायक होते है।

इसी प्रकार घरों मे दीपक जलाना भी धर्मग्रंथों में वर्णित है। इसे दीपक को भी धर्म के साथ जोडने का तात्पर्य यह है कि जितने भी तरफ आकर्षित होते है सम्पर्क में आकार भस्म हो जाते है। ऐसे अनेक कारण है, जिन्हे धर्म के साथ जोड़कर हमारे ऋषिमानियों ने विज्ञान हमें सौपा है।

मनुष्य कभी उड़ते हुए पथियों की उड़ान को देखकर कल्पना किया करता था कि क्या वह भी इन पक्षियों की भाँति उडान भर सकता है। उसकी यह कल्पना ही अनेक प्रयोगों का आधार था। आज अंतरिक्ष की ऊँचाई को नापते हुए वायुयान उन्ही परिपल्पनाओं के प्रयोगों का प्रतिफल है।

इस प्रकार विज्ञान स्वयं मे अनंत शक्तियों का भंडार है। विज्ञान के अंतर्गत वह अपनी कल्पाओं को अपने प्रयोगों के माध्यम से साकार रूप देता है। वह प्रकृति में छिपे गूढ़तम रहस्यों को ढूढ़ निकालता है। एक रहस्य के उजागर होने पर वह दूसरे रहस्यों को खोलने व उसे जानने हेतु प्रयत्नशील हो जाता है।

धर्म भी विज्ञान की ही भाँति उनंत शक्तियों का स्त्रोत है परंतु धर्म के माध्यम से साकार रूप दिया है। वह प्रकृति में छिपे गूढ़तर रहस्यों को निकालता है। एक रहस्य के उजागर होने पर वह दूसरे रहस्यों को खोलने व उसे जानने हेतु प्रयत्नशील हो जाता है।

धर्म भी विज्ञान की ही भाँति अनंत शक्तियों का स्त्रोत है परंतु धर्म प्रयोगों व तथ्यों पर नहीं अपितु अनुभवी आस्थाओं पर आधारित है। मनुष्य की धार्मिक आस्था उसे आत्मबल प्रदान करती है। मनुष्य की समस्या धार्मिक मान्यताएँ किसी अज्ञात शक्ति पर केंद्रित रहती है। इस शक्ती का आधार मनुष्य की आस्था व विश्वास होता है।

विज्ञान और धर्म दोनों ही मनुष्य के जीवन को समान रूप से प्रभावित करते है। एक और जहाँ विज्ञान तथ्यों व प्रयोगों पर आधारित हैं वही दुसरी और धर्म आस्था और विश्वास पर, दोनों ही मनुष्य के अपार शक्ति का स्त्रोत है।

विज्ञान जहाँ मनुष्य को समस्त भौतिक सुखों का स्त्रोत है, वही धर्म से मनुष्य में आध्यात्मिक शक्ति हैं। धर्म के मार्ग पर चलकर वह शांति की प्राप्ति करता है।

विज्ञान और धर्म दोनों का स्वरूप अत्यंत विशाल हैं प्रश्न यह नहीं की दोनों में से श्रेष्ठ कौन है, अपितु यह है कि ये दोनों जीवन–मार्ग हमारे जीवन को किस प्रकार

उन्नतिशील एवं शांतिपूर्ण बना सकते है।

विज्ञान का स्वरूप असीमित है। यह प्रायः प्रयोगो व संसार में उपलब्ध विभिन्न तथ्यों पर आधारित है। एक वैज्ञानिक अपने अनुसंधान व प्रयोगों के माध्यम से अनेक सत्यों को एकत्र करके नित नई खोज के लिए प्रयासरत रहता है। उसके मस्तिष्क की कल्पना इन खोजो, अनुसंधानों व प्रयोगों का आधार होती है। इन परिकल्पनाओं को वास्तविक रूप देने हेतु वह उपलब्ध तथ्यो को भली भाँति जाँचता–परखता है तथा उनमें निहित रहस्यों को खोज निकालता है।

धर्म विज्ञान की ही भांति अनंत शक्तियों का स्त्रोत है, धर्म प्रयोगों व तथ्यों पर नही अपितु अनुभववों, विश्वासों व आस्थाओं पर आधारित है। मनुष्य की धार्मिक आस्था उसे आत्मबल प्रदान करती है। मनुष्य की समस्या धार्मिक मान्यताएँ किसी अज्ञान शक्ति पर केंद्रित रहती है। इन शक्ति का आधार मनुष्य की आस्था व विश्वास होता है।

धर्म के मार्ग पर चलकर मनुष्य उन समस्त जीवन मूल्यों को आत्मसात करता है जो उसके चारित्रिक विकास में सहायक होते है। सदगुणों को अपनाना अथवा सन्मार्ग पर चलना ही धर्म है। वे सभी कृत्य जो मानवता के विरूद्ध है वे अधर्म है। हालाँकि कुछ लोग धर्म के नाम पर ही ऐसे कुकृत्यों को करते चले आ रहे हैं और स्वंय को पाक–साफ बता रहे है।

इस प्रकार हम देखते हे की अनेक रूप में विज्ञान धर्म का ही एक रूप है। धर्म और विज्ञान के परस्पर समान गुणों के कारण ही उन्हें एक–दूसरे का पूरक माना गया है। विज्ञान और धर्म दोनों ही मनुष्य की असीमित शक्ति का स्त्रोत है। विज्ञान जहाँ मनुष्य को भौतिक गुण प्रदान करता है वही धर्म उसे आत्मिक सुख की ओर ले जाता है। दोनो के परस्पर समन्वय से ही मनुष्य पूर्ण सुख की प्राप्ति कर सकता है।

विज्ञान के वरदान से जहाँ मनुष्य चंद्रमा पर अपनी विजय पताका फहरा चुका है वही दूसरी ओर उसने परमाणू बम जैसे हथियार विकसित कर लिए है। जिसने उसे विनाश के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। धर्म और विज्ञान का समन्वय ही मानव समाज में संतुलन स्थापित कर सकता है। धर्म मनुष्य की आस्था व विश्वास पर आधारित हे परंतु यह भी सत्य है की कभी–कभी हमारी आस्थाएँ निराधार होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लोग चंद्रमा को ईश्वर का रूप मानते थे परंतु विज्ञान ने सिद्ध कर दिया है कि यह मिथ्या है। चंद्रमा पृथ्वी की भांति ही है। यह एक उपग्रह है। इस प्रकार हमारी धार्मिक मान्यताएँ समय–समय पर विज्ञान के द्वारा खंडित होती रही है।

विज्ञान के प्रयोगों व नित नए अनुसंधानों ने प्रकृति के अनेक गूढ़ रहस्यों को उजागर किया है परंतु अभी भी ऐसे अनगिनत रहस्य है जो विज्ञान की परिधि से बाहर है। विज्ञान इस बात की पुष्टि करता हैं कि एक ऐसी शक्ति अवश्य है जो समस्त शक्तियों का केंद्र है। अतः जब मनुष्य के लिए सारे रास्ते बंद हो जाते है वह उस शक्ति का स्मरण करता है।

यह सत्य है कि विज्ञान और धर्म का परस्पर समन्वय ही उसे प्रगति के उत्कर्ष तक ले जा सकता है। यदि सद्रगुणों को अपनाना अथवा सन्मार्ग पर चलना ही धर्म है। वे सभी कृत्य जो मानवता के विरूद्ध है वे अधर्म है। धर्म और विज्ञान के परस्पर समान गुणों के कारण ही उन्हें एक दूसरे का पूरक माना गया है। विज्ञान और धर्म दोनों ही मनुष्य की असीमित शक्ति का स्त्रोत है।

स्वाती बिलघाईया
B.Sc. I

विज्ञान और धर्म

विज्ञान और धर्म दोनो ही मनुष्य के जीवन को समान रूप से प्रभावित करते है। एक ओर जहाँ विज्ञान तथ्यों व प्रयोगों पर आधारित है वही दूसरी और धर्म आस्था और विश्वास पर ! दोनो की मनुष्य की शक्ति के स्त्रोत हैं।

विज्ञान जहाँ मनुष्य को अनेक भौतिक सुखों की प्राप्ती करता है, वहीं धर्म से मनुष्य आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करता है। धर्म के मार्ग पर चलकर वह शांति की प्राप्ति करता है। विज्ञान और धर्म दोनो का स्वरूप विशाल है। प्रश्न यह नहीं है कि दोनो में श्रेष्ठ कौन है, अपितु यह है कि ये दोनों हमारे जीवन को किस प्रकार प्रगतीशील एवं शांतिपूर्ण बना सकते हैं।

विज्ञान का स्वरूप असीमित है। यह प्रायः प्रयोगो व संसार में उपलब्ध विभिन्न तथ्यों पर आधारित है। एक वैज्ञानिक अपने अनुसंधान व प्रयोग के माध्यम से अनेक सत्यो को एकत्र करके नित नई खोज के लिए प्रयासरत रहता है उसके मस्तिष्क में अपनी कल्पना इन खोजों, अनुसंधानी व प्रयोगो का आधार होती है। इन परिकल्पनाओं को वास्तविक रूप देने हेतु वह उपलब्ध तथ्यों को जाँचता–परखता है तथा उनमे निहित रहस्यों को खोज निकालता है। इस प्रकार से रहस्य जो इन खोजों व प्रयोगों के माध्यम से उजागर होते है वे सभी विज्ञान की देन कहलाते हैं।

मनुष्य कभी उड़ते हुए पक्षियों की उड़ान को देखकर परिकल्पना किया करता था कि क्या वह भी इन पक्षियों की भाँति उड़ान भर सकता है। उसकी यह परिकल्पना ही अनेक प्रयोगों का आधार थी। आज अंतरिक्ष की उँचाई को नापते हुए वायुयान उन्ही परिकल्पनाओं का प्रतिफल है।

इस प्रकार विज्ञान स्वयं में अनंत शक्तियों का भंडार है। विज्ञान के अंतर्गत वह अपनी कल्पनाओ को अपने प्रयोगो के माध्यम से साकार रूप देता है। एक रहस्य के आधार उजगार होने पर वह दूसरे रहस्य को खोलने व उसे जानने हेतु प्रयत्नशील हो जाता है। धर्म भी विज्ञान की ही भाँति अनंत शक्तियों का स्त्रोत है परंतू धर्म प्रयोग व तथ्यो पर नही अपितू अनुभवो, विश्वासो व आस्थाओ पर आधारित है मनुष्य की समस्य धार्मिक आस्था उसे आत्मबल प्रदान करती है। मनुष्य की धार्मिक मान्यताएँ किसी अज्ञात शक्ति पर केंद्रीत रहती है। इस शक्ति का आधार मनुष्य की आस्था व विश्वास होता है। धर्म प्रायः मनुष्य की आस्था व विश्वास पर आधारित है परंतु यह भी सत्य है कि कभी–कभी हमारी आस्थाएँ निराधार होती है। पौरणिक मान्यताओं के अनुसार लोग चंद्रमा को ईश्वर का रूप मानते थे परंतू विज्ञान ने सिद्ध कर दिया है कि यह मिथ्या है।

चंद्रमा, पृथ्वी की भांति है यह एक उपग्रह है। इस प्रकार हमारी धार्मिक मान्यताएँ समय–समय पर विज्ञान के द्वारा खंडित होती हैं। धर्म इस स्थिती में मनुष्य का तारणहार बन सकता है। दुसरी ओर जब धर्म की छत्रछाया मे अधार्णिक व्यक्तियो का समुह आम लोगो को ढगने का प्रयास करते है तब विज्ञान का आलोक उन्हे सीधे रास्ते पर लाने की चेष्टा करता है।

अंत यह सत्य है विज्ञान और धर्म का परस्पर समन्वय है उसे प्रगति के उत्कष्र तक ले जा सकता है। मनुष्य कभी उड़ते हुए पक्षियों की उड़ान को देखकर परिकल्पना किया करता था कि क्या वह भी इन पक्षियो की भाँति उड़ान भर सकता है। उसकी यह परिकल्पनना ही अनेक प्रयोगो का आधार थी। आज अंतरिक्ष की उंचाई को नापते हुए वायुयान उन्ही परिकल्पनाओ का प्रतिकाल है।

धर्म मनुष्य के चारित्रीक विकास में सहायक होता है। धर्म के मार्ग पर चलकर वह उन समस्त जीवन मुल्य को आत्मसात करता है जो उसके चारित्रीक विकास में सहायक होते है। सद्गुणो के अपनाना अथवा सन्मार्ग पर चलना ही धर्म है। वे सभी कृत्य जो मानवता के विरूद्ध है वे अधर्म है। हाँलाकि कुछ लोग धर्म नाम के पर ही ऐसे कृत्यत्यो को करते चले आ रहे है और स्वयं को पाक–साफ बता रहा है।

धर्मरहित विज्ञान मनुष्य को सुख तो प्रदान कर सकता है परंतु यह उसे कभी–कभी विनाश के कगार पर भी ला खड़ा करता है। विज्ञान के वरदान से जहाँ मनुष्य चंद्रमा पर अपनी विजय पताका फहरा चुका है वही दुसरी ओर उसने परमाणु बम जैसे हथियार विकास कर लिए है जिसने उसे विनाश के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया। धर्म और विज्ञान का समन्वय ही मानवमात्र में संतुलन स्थापित कर सकता है, उसे पतन की और जाने से रोक सकता है। यह समन्वय आज की प्रमुख आवश्यकता है।

शहाना फारूकी
B.Sc. I

विज्ञान और धर्म

विज्ञान और धर्म दोनो ही मनुष्य के जीवन को समान रूप से प्रभावित करते है। एक ओर जहाँ विज्ञान तथ्यों व प्रयोगों पर आधारित है वही दूसरी और धर्म आस्था और विश्वास पर। दोनो मनुष्य की अपार शक्ति के स्त्रोत हैं।

विज्ञान जहाँ मनुष्य को अनेक भौतिक सुखों की प्राप्ती करता है, वहीं धर्म से मनुष्य आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करता है। धर्म के मार्ग पर चलकर वह शांति की प्राप्ति करता है। विज्ञान और धर्म दोनो का स्वरूप अत्यंत विशाल है। प्रश्न यह है कि दोनो जीवनमार्ग हमारे जीवन को किस प्रकार उन्नतिशील एवं प्रगतीशील एवं शांतिपूर्ण बना सकते हैं।

विज्ञान का स्वरूप असीमित है। यह प्रयोगो एवं संसार में उपलब्ध विभिन्न तथ्यों पर आधारित है। एक वैज्ञानिक अपने अनुसंधान व प्रयोगों के माध्यम से अनेक सत्यो को एकत्र करके नित नई खोज के लिए प्रयासरत रहता है। उसके मस्तिष्क में उपजी कल्पना इन खोजों, अनुसंधानों व प्रयोगो का आधार होती है। इन परिकल्पनाओं को वास्तविक रूप देने हेतु वह उपलब्ध तथ्यों को भली–भाँति जाँचता परखता है। इस प्रकार से रहस्य जो इन खोजों व प्रयोगों के माध्यम से उजागर होते है वे सभी विज्ञान की देन कहलाते हैं।

मनुष्य कभी उड़ते हुए पक्षियों की उड़ान को देखकर परिकल्पना किया करता था कि क्या वह भी इन पक्षियों की भाँति उड़ान भर सकता है। उसकी यह परिकल्पना ही अनेक प्रयोगों का आधार थी। आज अंतरिक्ष की उँचाई को नापते हुए वायुयान की उँचाई उन्ही परिकल्पनाओं का प्रतिफल है। इस प्रकार विज्ञान स्वयं में अनंत शक्तियों का भंडार है। विज्ञान के अंतर्गत वह अपनी कल्पनाओ को अपने प्रयोगो के माध्यम से साकार रूप देता है। वह प्रकृति में छिपे रहस्यों को ढूँढ निकालता है। एक रहस्य के आधार उजगार होने पर वह दूसरे रहस्य को खोलने व उसे जानने हेतु प्रयत्नशील हो जाता है। धर्म भी विज्ञान की ही भाँति अनंत शक्तियों का स्त्रोत है परंतू धर्म प्रयोगो व तथ्यो पर नहीं अपितु अनुभवो, विश्वासो व आस्थाओ पर आधारित है। मनुष्य की समस्य धार्मिक आस्था उसे आत्मबल प्रदान करती है। मनुष्य की समस्त धार्मिक मान्यताएँ किसी अज्ञात शक्ति पर केंद्रीत रहती है। इस शक्ति का आधार मनुष्य की आस्था व विश्वास होता है।

ध्मा मनुष्य के चारित्रिक विकास में सहायक होता है। धर्म के मार्ग पर चलकर वह उन समस्त जीवन मूल्यों को आत्मसात करता है जो उसके चारित्रक विकास से सहायक होते है। सदगुणों को अपनाना अथवा सन्मार्ग पर चलना ही धर्म है। वे सभी कृत्य जो मानवता के विरूद्ध है वे अधर्म हैं। हाँलाकि कुछ लोग धर्म के नाम पर ही ऐसे कुकृत्यो को करते चले आ रहे है और स्वयं को पाक–साफ बता रहे है।

इस प्रकार हम देखते है कि अनेक रूपों में विज्ञान धर्म का ही एक रूप है। धर्म और विज्ञान दोनो का ही एक रूप है। धर्म और विज्ञान दोनो के परस्पर समान गुणों के कारण ही एक–दुसरे का पुरक माना गया है। विज्ञान और धर्म दोनो ही मनुष्य की असीमित शक्ति का स्त्रोत है। विज्ञान जहाँ मनुष्य को भौतिक गुण प्रदान करता है वही धर्म उसे आत्मिक सुख की ओर ले जाता है। दोनो के परस्पर समन्वय से ही मनुष्य पुर्ण सुख की प्राप्ति कर सकता है।

धर्मरहित विज्ञान मनुष्य को सुख तो प्रदान कर सकता है परंतु वह उसे कभी–कभी विनाश के कगार पर भी ला खड़ा करता है। विज्ञान के वरदान से जहाँ मनुष्य चंद्रमा पर अपनी विजय पताका फहरा चुका है वही दुसरी ओर उसने परमाणु बन जैसे हथियार विकसित कर लिए है जिसने उसे विनाश के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया

है। धर्म और विज्ञान का समन्वय ही मानवमात्र में संतुलन स्थापित कर सकता है। यह समन्वय आज की प्रमुख आवश्यकता है। धर्मप्रायः मनुष्य की आस्था व विश्वास पर आधारित है परंतु यह भी सत्य है कि कभी–कभी हमारी आस्थाएँ निराधार होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लोग चंद्रमा को ईश्वर का रूप मानते थे परंतु विज्ञान ने सिद्ध कर दिया है की यह मिथ्या है। चंद्रमा पृथ्वी की भांति ही है। यह एक उपग्रह है। इस प्रकार हमारी धार्मिक मान्यताएँ समय–समय पर विज्ञान के द्वारा खंडित होती रही हैं। विज्ञान के प्रयोगो व नित नए अनुसंधानों ने प्रकृती के अनेक गूढ़ रहस्यो को उजागर किया है परंतु अभी भी ऐसे अनगिनत रहस्य है जो विज्ञान की परिधि से बाहर है। विज्ञान भी इस बात की पुष्टि रकता है कि वह ऐसी शक्ति अवश्य है जो समस्त शक्तियों का केंद्र है। अतः जब मनुष्य के लिए सारे रास्ते बंद हो जाते है वह उन शक्तियों का स्मरण करता है।

अतः यह सत्य है की विज्ञान और धर्म का परस्पर समन्वय ही उसे प्रगति के उत्कर्ष तक ले जा सकता है। जब विज्ञान का सहारा लेकर मनुष्य कुमार्ग पर चल पडता है तब धर्म का संबल प्राप्त करना अनिवार्य हो जाता है। धर्म इस स्थिति में मनुष्य का तारणहार बन जाता है। दुसरी ओर जब धर्म की छत्रछाया में अधार्मिक व्यक्तियों का समुह आम लोगो को ठगने का प्रयास करते है। तब विज्ञान का आलोक उन्हे सीधे रास्ते पर लाने की चेष्टा करता है।

त्रुशाली बोबड़े
B.Sc. I

क्या सच आपको चुनु ?

खुदको छोड़कर मैं,
आप चाहे वैसी क्यु बनु,
मेरी उम्मीद, मेरी उड़ान,
मेरी इच्छा छोड मैं,
आप ही को क्यू चुनु ?

मेरी ही पहचान,
मेरा ही कोई हौसला है,
मुझे बोल–बोलकर,
घर मे बिठाना,
यही क्यु आपका फैसला है।

वैसे तो मुझे माता की,
मान्यता देते हो,
वही मुझे अकेला देख,
क्यु लालच जगाते हो।

मैने बहुत कुछ सहकर,
हर कर्तव्य निभाया है,
किसी कि माँ, किसी कि बेटी,
किसी कि बहन बनकर,
हर कर्ज उतारा है।

क्यू भूल जाते हो,
मेरे बिना रह न पाओगे तुम,
दिलरूबा कहकर दिल रखकर, जाओगे तुम,
तब भी शायद यही चाहोगे तुम,
खुदको छोड़कर, मैं आप चाहे वैसी बनू,
क्या सच मे अपनी इच्छा छोडकर, मैं आप ही को चुनू ?

मृदला ठाकरे
B.Sc. I

विज्ञान और धर्म

विज्ञान और धर्म दोनो ही मनुष्य के जीवन को समान रूप से प्रभावित करते है। एक ओर जहाँ विज्ञान तथ्यों व प्रयोगों पर आधारित है वही दूसरी और धर्म आस्था और विश्वास पर। दोनो की मनुष्य की अपोर शक्ति के स्त्रोत हैं।

विज्ञान जहाँ मनुष्य को अनेक भौतिक सुखों की प्राप्ती करता है, वहीं धर्म से मनुष्य में आध्यात्मिक शक्ति अति है। धर्म के मार्ग पर चलकर वह शांति की प्राप्ति करता है। विज्ञान और धर्म दोनो का स्वरूप अत्यंत विशाल है। प्रश्न यह नही है कि दोनो में से श्रेष्ठ कौन है, अपितु यह है कि ये दोनो जीवन–मार्ग हमारे जीवन को किस प्रकार उन्नतिशील एवं प्रगतीशील एवं शांतिपूर्ण बना सकते हैं।

विज्ञान का स्वरूप असीमित है। यह प्रायःप्रयोगो एवं संसार में उपलब्ध विभिन्न तथ्यों पर आधारित है। एक वैज्ञानिक अपने अनुसंधान व प्रयोग के माध्यम से अनेक सत्यो को एकत्र करके नित नई खोज के लिए प्रयासरत रहता है। उसके मस्तिष्क में उपजी कल्पना इन खोजों, अनुसंधानों व प्रयोगो का आधार होती है।

इन परिकल्पनाओं को वास्तविक रूप देने हेतु वह उपलब्ध तथ्यों को भली–भाँति जाँचता–परखता है तथा उनमे निहित रहस्यो को खोज निकालता है। इस प्रकार से रहस्य जो इन खोजों व प्रयोगों के माध्यम से उजागर होते है वे सभी विज्ञान की देन कहलाते हैं।

मनुष्य कभी उड़ते हुए पक्षियों की उड़ान को देखकर परिकल्पना किया करता था कि क्या वह भी इन पक्षियों की भाँति उड़ान भर सकता है। उसकी यह परिकल्पना ही अनेक प्रयोगों का आधार थी। आज अंतरिक्ष की उँचाई को नापते हुए वायुयान उन्ही परिकल्पनाओं का प्रतिफल है।

इस प्रकार विज्ञान स्वयं में अनंत शक्तियों का भंडार है। विज्ञान के अंतर्गत वह अपनी कल्पनाओं को अपने प्रयोगो के माध्यम से साकार रूप देता है। वह प्रकृति में छिपे गुढतम रहस्यों को ढूँढ निकालता है। एक रहस्य के उजगार होने पर वह दूसरे रहस्य को खोलने व उसे जानने हेतु प्रयत्नशील हो जाता है।

धर्म भी विज्ञान की ही भाँति अनंत शक्तियों का स्त्रोत है परंतू धर्म प्रयोगो व तथ्यो पर नहीं अपितू अनुभवो, विश्वासो व आस्थाओ पर आधारित है। मनुष्य की धार्मिक आस्था उसे आत्मबल प्रदान करती है। मनुष्य की समस्त धार्मिक मान्यताएँ किसी अज्ञात शक्ति पर केंद्रीत रहती है। इस शक्ति का आधार मनुष्य की आस्था व विश्वास होता है।

धर्म मनुष्य के चारित्रिक विकास में सहायक होता है। धर्म के मार्ग पर चलकर वह उन समस्त जीवन मूल्यों को आत्मसात करता है जो उसके चारित्रिक विकास से सहायक होते है। सदगुणों को अपनाना अथवा सन्मार्ग पर चलना ही अधर्म है। हालाँकि कुछ लोक धर्म के नाम पर ही ऐसे कुकृत्यो को करते चले आ रहे है और स्वयं को पाक–साफ बता रहे है।

इस प्रकार हम देखते है कि अनेक रूपों में विज्ञान धर्म का ही एक रूप है। धर्म और विज्ञान दोनो का ही एक रूप है। धर्म और विज्ञान दोनो के परस्पर समान गुणों के कारण ही एक–दुसरे का पुरक माना गया है। विज्ञान और धर्म दोनो ही मनुष्य को भौतिक गुण प्रदान करता है वही धर्म उसे आत्मिक सुख की ओर ले जाता है। दोनो के परस्पर समन्वय से ही मनुष्य पुर्ण सुख की प्राप्ति कर सकता है।

धर्मरहित विज्ञान मनुष्य को सुख तो प्रदान कर सकता है परंतु वह उसे कभी–कभी विनाश के कगार पर भी ला खड़ा करता है। विज्ञान के वरदान से जहाँ मनुष्य चंद्रमा पर अपनी विजय पताका फहरा चुका है। वही दुसरी ओर उसने परमाणु बम जैसे हथियार विकसित कर लिए है जिसने उसे विनाश के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

धर्म और विज्ञान का समन्वय ही मानवमात्र में संतुलन स्थापित कर सकता है। उसे पतन की ओर जाने से राक सकता है। यह समन्वय आज की प्रमुख आवश्यकता है।

धर्मप्रायः मनुष्य की आस्था व विश्वास पर आधारित है परंतु यह भी सत्य है कि कभी–कभी हमारी आस्थाएँ निराधार होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लोग चंद्रमा को ईश्वर का रूप मानते थे परंतु विज्ञान ने सिद्ध

कर दिया है की यह मिथ्या है। चंद्रमा, पृथ्वी की भांति ही है। यह एक उपग्रह है। इस प्रकार हमारी धार्मिक मान्यताएँ समय–समय पर विज्ञान के द्वारा खंडित होती रही हैं।

विज्ञान के प्रयोगो व नित नए अनुसंधानों ने प्रकृती के अनेक गुढ़ रहस्यो को उजागर किया है परंतु अभी भी ऐसे अनगिनत रहस्य है जो विज्ञान की परिधि से बाहर है। विज्ञान भी इस बात की पुष्टि रकता है कि वह ऐसी शक्ति अवश्य है जो समस्त शक्तियों का केंद्र है। अतः जब मनुष्य के लिए सारे रास्ते बंद हो जाते है वह उन शक्तियों का स्मरण करता है।

अतः यह सत्य है की विज्ञान और धर्म का परस्पर समन्वय ही उसे प्रगति के उत्कर्ष तक ले जा सकता है। जब विज्ञान का सहारा लेकर मनुष्य कुमार्ग पर चल पडता है तब धर्म का संबल प्राप्त करना अनिवार्थ हो जाता है।

धर्म इस स्थिति में मनुष्य का तारणहार बन जाता है। दूसरी ओर जब धर्म की छत्रछाया में अधार्मिक व्यक्तियों का समुह आम लोगो को ठगने का प्रयास करते है। तब विज्ञान का आलोक उन्हे सीधे रास्ते पर लाने की चेष्टा करता है।

१४ वी व १५ वी सदी मे हमारे यहा कुछ महान ऋषि–मुनि हुए, जिन्होने अपने तपोबल के द्वारा विज्ञान की पुनः खोज कि फिर उनके समक्ष यह सवाल उठा कि इस विज्ञान को आम आदमी तक कैसे पहुँचाया जाए इसलिए फिर उन्होने इसे धर्म के साथ जोड़ना प्रारंभ किया व इसके व्यावहारिक ज्ञान तो बतलाया। यदि इसे धर्म के साथ नही जोड़ते तो लोग इसे नही मानते, लेकिन धर्म ही एक ऐसी सीढी है, जिसके द्वारा कोई भी अपना अच्छा या बुरा स्वार्थ सिध्द कर सकता है।

कुछ उदाहरणों के द्वारा कोई भी हमे समझा कि कैसे हमारे महापुरूषों ने विज्ञान को धर्ममय बनाया। जैसेः हमारे धर्मग्रन्थो मे कहा गया है, कि सुबह सोकर ब्रहम–मुहूर्त मे उठना चाहिए। ब्रहम–मुहूर्त मे उठने की वैज्ञानिक सोच यह है कि दिन भर की कई क्रियाकलापो व प्रदूषित वातावरण के कारण हमे श्रसन सम्बन्धी रोग हो सकते है, इसलिए जब सुबह सुर्योदय से पहले उठकर हम अपनी दिनचर्या प्रारंभ करते है तो चुंकि सुबह हवा शुध्द व प्रदुषण मुक्त होती है तथा यह आसानी से श्वसन क्रिया के माध्यम से अंदर जा सकती है। इसके श्रश्वन सम्बन्धी रोगो को दुर किया जा सकता है।

सुर्योदय से पहले स्नान करना ही हमारी धर्मग्रन्थो मे है, इसको भी विज्ञान से जोडने के पीछे वैज्ञानिक कारण है रात्रि के समय जितने भी प्रदूषण होते है वे हमारे शरीर पर एकत्रित हो जाते है। इसीलिए उन्हे, जितना जल्दी हो सके हटाना अतिआवश्यक है। इसके पश्चात सुर्यनमस्कार, क्योकि सुर्य की पहली किरण स्वास्थ्यवर्धक व ऊर्जामय होती है। इसलिए हमारे धर्मग्रन्थो मे सुर्यादय से पहले स्नान व फिर सुर्यनमस्कार करना बताया गया है व इसके साथ–साथ कुछ योगासन भी बताए गए है जो सुर्यनमस्कार में करने होते है।

इसी तरह, चन्दन व सिन्दुर का टीका लगाना है। इसका वैज्ञानिक कारण यह है कि हमारी दोनो आंखो के मध्य पीनीयल ग्रन्थी रहती है। व इसके थोडा पीछे पीटयुटरी ग्रन्थी होती है जोकि मास्टर ग्रन्थी भी कहलाती है। सिन्दूर और चन्दन ठंडी प्रवृत्ति के लोगो के लिए तथा सिन्दूर गर्म प्रवृत्ति के लोगो के लिए लाभदायक होते है।

हमारे युगपुरूषो जैसे विवेकानंद व राजा राममोहन राय आदि ने समय–समय पर हमे धर्ममय विज्ञान से साक्षात्कार करवाया है। अंत मे इतना ही कि विज्ञान हमे विकास की राह पर ले जाकर विकास से हमारा साक्षात्कार कराता है। सदकर्मो के माध्यम से विकास की ओर आरूढ होना तथा चलना हमारा धर्म है।

रश्मी यादव
B.Sc. I

विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

विद्यार्थी जीवन साधना और तपस्या का जीवन है। यह काल एकाग्रचित होकर अध्ययन और ज्ञानार्जन का है। यह काल सांसारिक भटकाव से स्वयं को दूर रखने का काल है। विद्यार्थियों के लिए यह जीवन अपने भावी जीवन को नींव प्रदान करने का सुनहरा अवसर है। यह चरित्र निर्माण का और ज्ञानार्जन का महत्वपूर्ण समय है।

विद्यार्थी का शालेय जीवन पाँच वर्ष की आयु से आरंभ हो जाता है। इस समय जिज्ञासाएँ पनपने लगती हैं। ज्ञान–पिपासा तीव्र हो उठती हैं बच्चा विद्यालय मे प्रवेश लेकर ज्ञानर्जन के लिए तैयार हो जाता है। नए शिक्षक नए सहपाठी और नया वातावरण मिलता है। वह समझने लगता है की समाज क्या है और उसे समाज मे किस तरह रहना चाहिए।

उसका ज्ञान विस्तृत होता है। पाठ्य–पुस्तकों से उसे लगाव हो जाता है। वह ज्ञान रस का स्वाद लेने लग जाता है। जो आजीवन उसका पोषण करता रहता है।

विद्यार्जन की चाह रखने वाला विद्यार्थी जब विनम्रता को धारण करता है तब उसकी राहें आसान हो जाती है। विनम्र होकर श्रद्धा भाव से वह गुरू के पास जाता है तो गुरू उसे सहर्ष विद्यादान देते है। वे उसे नीति ज्ञान एंव सामाजिक ज्ञान देते है, गणित की उलझने सुलझाते है और उसके अंदर विज्ञान की समझ विकसित करते हैं। उसे भाषा का ज्ञान दिया जाता है ताकि वह अपने विचारो को अभिव्यक्त कर सके। इस तरह विद्यार्थी जीवन सफलता और पूर्णता को प्राप्त करता हुआ प्रगत होता है।

विद्यार्थी जीवन मानवीय गुणों को अंगीभूत करने का काल है। सुख–दुःख, हानि–लाभ, सर्दी–गर्मी से परे होकर जब विद्यार्थी नित्य अध्यनशील हो जाता है तब उसका जीवन सफल हो जाता है। विद्या प्राप्ति हेतु कुछ कष्ट तो उठाने ही पड़ते है, आग मे तपे बिना सोना शुद्ध नही होता। इसलिए आदर्श विद्यार्थी जीवन मे सुख की चाह न रखते हुए केवल विद्या की चाह रखता है। वह धैर्य, साहस, ईमानदारी, लगनशीलता, गुरूभक्ति, स्वाभिमान जैसे गुणों को धारण करता हुआ। जीवन–पथ पर बढ़ता ही चला जाता है। वह संयमित जीवन जीता है ताकि विद्यार्जन मे बाधा उत्पन्न न हो। वह नियमबद्ध और अनुशासित रहता है। वह समय की पाबंदी पर विशेष ध्यान देता है।

विद्या केवल पुस्तकों में नही होती। ज्ञान की बाते केवल गुरूजनों के मुख से नहीं निकलती। ज्ञान तो झरने के जल की तरह प्रवाहमान रहता है। विद्यार्थी जीवन इस प्रवाहमान जल को पीते रहने का काल है, खेल का मैदान हो या डिबेट, भ्रमण का अवसर हो अथवा विद्यालय की प्रयोगशाला ज्ञान सर्वत्र भरा होता है। स्वास्थ्य संबंधी बातें इसी जीवन में धारण की जाती है। व्यायाम और खेल से तन को इसी जीवन मे पुष्ट किया जाता है।

गुण–अवगुण, अच्छा–बुरा, पुण्य–पाप, धर्म–अधर्म की विद्यार्थी जीवन में ही पहचान करनी होती है। चतुर वह है जो सारग्रहण कर लेता है, सार है विद्या, सद्गुण विद्यार्थी जीवन मे दुर्गुणों से एक निश्चित दूरी बना लेनी चाहिए। अच्छी आदतें अपनानी चाहिए। बुजुर्गों का सम्मान करना सीख लेना चाहिए। मधुर वाणी का महत्व समझ लेना चाहिए। अखाद्य तथा नशीली चीजों से परे रखना चाहिएं मानसिक स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। पर्यावरण सुधार के कार्यक्रमों में बढ़–चढकर भाग लेना चाहिए। विद्यार्थी जीवन समाप्त होने पर इन सब बातों पर ध्यान न देना नासमझी होगी।

विद्यार्थी जीवन संपूर्ण जीवन का स्वर्णिम काल है। इसका पूरा आनंद उठाना चाहिए। इस जीवन में अनेक प्रकार के प्रलोभन मिलते है जिसमें सावधानी बरतने की आवश्यकता है। अनुशासन के बिना विद्याथी जीवन सफल नहीं हो सकता।

गौरी राजपुरोहित
B.Sc. I

हिंदी साहित्य मे नारियो की दखल

साहित्य को किसी भी जाति और समाज की जीवंतता को प्रमाणित करने वाली धड़कन कहा जा सकता है। जीवन और समाज की धडकन बनाए रखने मे स्त्री–पुरूष दोनो का समान हाथ है, भारतीय भाषाओं के साहित्य के इतिहास के आरंभ से ही इस बात के प्रमाण मिलते है कि इसकी रचना और स्वरूप–निर्माण के कार्य मे नारियों का स्पष्ट एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विश्व का सर्वप्रथम लिखित साहित्यिक ग्रंथ ऋगवेद माना जाता है। विश्व के सभी महान विचारक यह तथ्य से एकमत हैं और मुक्तभाव से स्वीकार करते हैं कि वैदिक ऋचाओं की रचना या दर्शन में अनेक आर्य नारियों का हाथ रहा। कहा जाता है कि अनुसया जैसी ऋषिपत्नियों ने भी अनेक वैदिक ऋचाओं के दर्शन एवं प्रणयन करके वैदिक साहित्य को समृध्द किया। वैदिककाल के बाद लौकिक संस्कृत काल की अनेक विदुषी नारियों के नाम मिलते है, अनुमान किया जा सकता है कि उन्होने साहित्य–सृजन किया होगा, जो या तो समय के गर्भ मे समा गया या फिर पुरूषों के नाम से प्रचारित हो गया। यही बात पालि, प्रकृती और अपभंश भाषाओं के संदर्भ में भी कही जा सकती है। किसी विशिष्ट नारी–साहित्यकार का नामोल्लेख नहीं मिलता। हां आगे चलकर ग्यारहवीं शताब्दी फिर कहा जा सकता है कि हिंदी–साहित्य के भक्ति काल से नारी साहित्यकारों के नाम अवश्य मिलने लगते हैं। अपनी सृजन प्रतिभा के बल पर साहित्य का सम्मान, वर्चस्व और प्रभाव बढ़ाया। वह सब आज भी बना हुआ है।

भक्तिकाल मे चलने वाली सगुण भक्तिधारा की कृष्ण शाखा से ही सर्वप्रथम हिंदी–काव्यजगत को कुछ महत्वपूर्ण साधिकांए प्रदान की। उनमें कृष्ण–दीवानी मीरा का नाम सर्वोपरि एवं सर्वप्रमुख है। मीरा की वाणी से जो सहजता, तरलता, अपनापन, तल्लीनता और समर्पित निष्ठा है, वासत्व मे यह अन्यत्र कही भी उपलब्ध नहीं होती। मीरा जैसी प्रेम की पीर और विरह की वेदना भी अपनी सहज स्वाभाविकता मे कही अन्यत्र सुलभ नहीं। मीरा की भक्ति परंपरा मे ही बाद मे बीबी ताज का नाम आता है, जो कृष्ण के सांवले–सलोने स्वरूप पर कुर्बान थी और इस समर्पित भावना के कारण ही वह मुसलमान होकर भी हिंदवानी ही रहेंगी। इसके बाद सौख नामक एक कवयित्री की चर्चा भी मिलती है, जिसके बारे मे कहा जाता है कि काव्य प्रतिभा मे तो वह धनी ही थी, रूप–यौवन मे भी धनी थी। उसी के प्रभाव से मूलतः ब्राम्हण जाति का कवी बाद में मुसलमान बनकर आजम नाम से प्रसिध्दी पा सका। हिंदी साहित्य में संत–काव्य–परंपरा मे सहजोबाई का नाम भी बडे आदर के साथ लिया जाता है, कहा जाता है कि वह भी एक प्रतिभावान कवयित्री थी। और इस क्षेत्र मे उनका खासा प्रभाव था। इस प्रकार प्रत्यक्ष रूप से भक्ति–काल से नारियों का हिंदी काव्य के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण योगदान आरंभ हो जाता है।

आगे चलकर रीतिकाल में भी कुछ ऐसी नारियों की चर्चा मिली है जो विशिष्ट काव्य–प्रतिभा की धनी थीं। कहा जाता है कि रीतिकाल के प्रमुख एवं प्रतिनिधी कवि बिहारी की पत्नी भी कवयित्री थीं। आज जो दोहे बिहारी की रचना माने जाते है, उनमें से अनेक उनकी पत्नी ने रचे थे। आधुनिक काल हिंदी–साहित्य के लिए नारी–सर्जकों का योगदान बढ गया हैं। काव्य और गद्य दोनों क्षेत्रों में नारियां समान स्तर पर सक्रीय रही हैं। काव्य और गद्य के विभिन्न विधात्मक क्षेत्रों मे इनके योगदान को आने वाली शताब्दियों भुलाया नहीं जा सकता। हमारे विचार से काव्य की चर्चा हो या गद्य श्रीमती महादेवी की चर्चा के बिना उसे अपूर्ण ही समझा जाएगा।

आज सभी क्षेत्रों मे नारी ने पुरूष से साझेदारी निभाई है। महिलाओं मे बढ़ती चेतना और जागरूकता ने नारी पारंपरिक छवि में बदलाव लाया है।

आजादी की लड़ाई के समय जो स्वर साहित्य मे

उभरा, उसमें देशकालिक परिस्थितियाँ और देश–प्रेम की अभिव्यक्ति स्पष्ट लक्षित होती थी। सुभ्रदा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा, सरोजिनी नायडू, उषादेवी मिश्रा आदि कई लेखकाओं ने समय को अभिव्यक्ति दी। उनके सशक्त लेखन का योगदान हिन्दी साहित्य को प्राप्त हुआ।

स्वतंत्रता के बाद नारी–लेखन में मुक्ति के स्वर उभरे। वह नारी जिसे पुरूषो ने या तो सती सावित्री का जामा पहना रखा था एवं स्वप्नलोक मे रची–बसी एक खूबसूरत देह थी, एक ऐसी बेजान, जो भावनाहीन होती है। जिसे पुरूष प्रधान समाज मे पुरूष के इशारो पर नचाया। उस नारी ने अपनी पारंपरिक बंधनों को तोडा।

नीति ने ही नारी के पीड़ा व व्यथा को अपनी जीवन की लेखनों द्वारा शब्द दिए। उसके जीवन की व्यथा कथा को लिखा। मन्नू भंडारी, उषा प्रियंवदा, चंद्रकिरण सौनरिक्सा, शशिप्रभा शास्त्री का लेखन नारी अस्मिता की तलाश है।

धीरे–धीरे सामाजिक, पारंपरिक मूल्यो के बीच पिसते नारी अस्तित्व ने नए मूल्य तलाशने आरंभ कर दिए। दाम्पत्य जीवन के बदलते संबंध–संदर्भ, पारिवारिक मूल्यों व मान्यताओं मे बदलाव, वैयक्तिक चेतना, परिवेश के प्रति सजगता तथा अपने पर हो रहे अन्याय का प्रतिरोध, विवाहेत्तर संबंधो का स्वीकार, नीति–अनीति, और फिर समय बीतने के समय साथ–साथ पुरूषो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में कार्यरत महिला की भूमिका, घर और बाहर के दोहर बोझ से उत्पन्न द्वंद–दुविधा और संघर्ष, इन सब तत्वो ने समकालीन स्त्री कथा–साहित्य के नए यथार्थ को देखा, समझा और उसे अपने जीवन मे ज्यों का त्यों उतारा। दीप्ति खंडेलवाल, मेहरूनिनसा परवेज, सूर्यबाला, कृष्णा सोबती, शिवानी, निरूपमा सेवती के लेखन ने नए नारी मूल्यों को गढ़ा, उसे एक पहचान दी।

पारंपरिक भारतीय समाज, नारी के परिवर्तन के प्रयासों को, संस्कृती का अवमूल्यन मानकर, बराबर खारिज करता आया है और आज भी कर रहा हैं साहित्यिक कृति मे, स्थापित मूल्यों के विखंडन को अभारतीय या पश्चिमी भाव–बोध से संचलित बताकर, खारिज किया जाता रहा है।

नारी लेखन मे किसी प्रकार से पुरूष से प्रतिद्वंद्वता नही थी। पुरूष को नकारना अथवा उसका विरोध करना न होकर स्वयं की अस्मिता की तलाश थी। शिक्षा और कानून के प्रति जागरूकता ने उसे आत्मनिर्भरता दी है। नारी ने उस दोनों प्रकार की स्त्रियों को अभिव्यक्ति दी, एक तो वे, जिन्होने दैहिक प्रवित्रता का ढिंढोरा नही पीटा और हर स्तर पर पुराने मूल्यो को विघटित कर अपने अनुसार नए मूल्यो को गढा। बिना किसी मानसिक संताप के पुरूषो की तरह बेबाक जीवन जिया। और दूसरी ओर वह नारी वर्ग था जिसके अपने मर्यादित दायरे मे स्त्रीयोचित गुणों की नाजाकत को बनाये रखा। स्त्री घर के भीतर हो या बाहर, कही भी पुरूष हिंसा, दमन, उन्पीडन और शोषण से मुक्ति नही। आदर्श पत्निया के रूप मे जो स्त्रियाँ सुरक्षित और सम्माननीय दिखाई देती है, वे भी शायद तब तक ही है, जब तक चुपचाप पति या घर के अन्य मर्द का हर हुक्म सिर झुका कर मानती रहे और उनके अनैतिक, अवैध और त्यभिचारी व्यवहार का प्रतिरोध न करें। इन सभी अत्याचारों एवं नारी ने अपने विचारों को कलम वद्य कर किया। अतः पारंपरिक समाज को नारी के अस्तित्व को मानने पर मजबूर होना पड़ा।

रितीका तोलीवाल
B.Sc. I

हिंदी साहित्य और महिलाएं

साहित्य क्षेत्र हो अथवा अन्य क्षेत्र, नारी किसी क्षेत्र में पीछे नही है। सभी क्षेत्र में नारी ने पुरूष से साझेदारी निभाई है। महिलाओं में बढ़ती चेतना और जागरूकता ने उनकी पारंपरिक छवि को तोड़ा है।

आजादी की लड़ाई के समय साहित्य में देशकालिक और देश–प्रेम की अभिव्यक्ति स्पष्ट लक्षित होती थी। सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा, ने समकालिन स्त्रियों को अपने लेखन मे स्थान दिया।

स्वतंत्रता के पूर्व वह नारी जिसे पुरूषों ने या तो सती सावित्री का जामा पहना रखा था या फिर वह जो उसके स्वप्नलोक मे रची–बसी एक खूबसूरत देह थी। एक ऐसी बेजान देह, जिसके भीतर कोई भावना नहीं होती। जिसे पुरूष प्रधान समाज में पुरूष के इशारों पर नचाया जा सकता है। उस नारी ने अपनी पारंपरिक छवि तो तोड़ा है।

नारी भावनाओ की यही अभिव्यक्ति थी जो सदियों से भीतर ही छटपटा रही थी। वह नारी लेखन में ही अभिव्यक्त हुई। नारी ने ही नारी के पीड़ा को शब्द दिये। उनके जीवन की व्यथा को लिखा। धीरे–धीरे सामाजिक, पारंपरिक मुल्यों के बीच पिसते नारी अस्तित्व ने नए मूल्य तराशने आरंभ कर दिये। दाम्पत्य जीवन के बदलते संबंध–संदर्भ, पारिवारिक मूल्यों व मान्यताओं में बदलाव, परिवेश के प्रति सजगता तथा अपने पर हो रहे अन्याय का प्रतिरोध, विवाहेत्तर संबंधो का स्वीकार, नीति–अनीति और समय के साथ पुरूष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र मे कार्यरत महिला की भूमिका घर और बाहर के दोहरे बोझ से उत्पन्न दुविधा और संघर्ष इन सब तत्वों ने समकालीन स्त्री कथा साहित्य के नए यथार्थ को देखा, समझा और उसे अपने लेखन मे ज्यों का त्यों उतारा।

भारतीय समाज, नारी परिवर्तन के प्रयासों को, संस्कृती का अवमुल्यन मानकर बराबर खारीज करता आया है। और आज भी कर रहा है। समाज में ही नहीं, साहित्य मे भी यही संस्कार काम कर रहा है। साहित्यिक कृति में, स्थापित मूल्यों के विखंडन को पश्चिमी संस्कृति से संचालित बताकर, खारीज किया जाता रहा है।

नारी लेखन में किसी प्रकार से पुरूष से प्रतिद्वंदिता नहीं है। उसमें पुरूष को नकारना अथवा उसका विरोध करना ना होकर स्वयं की अस्मिता की तलाश करना है। औरत ने अपने औरत होने के पारंपरिक अर्थ को बदला है। शिक्षा और कानून के प्रति जागरूकता ने उसे आत्मनिर्भरता दी है। नारी ने उन दोनों प्रकार की स्त्रियों को अभिव्यक्ति दी, एक तो वे, जिन्होने दैहिक पवित्रता का ढिंढोरा नहीं पीटा और हर स्तर पर पुराने मुल्यों को विघटित कर नए मूल्यों को गढ़ा। बिना किसी मानसिक संपात के पुरूषों की तरह बेबाक जीवन जिया। और दूसरी तरफ वह नारी वर्ग था जिसने अपने मर्यादित दायरे मे स्त्रीयोचित गुणों की नजाकत को बनाये रखा। परंपरागत स्त्री की पहली शर्त है, पराधीनता। स्त्री घर के भीतर हो या बाहर, कही भी पुरूष हिंसा, दमन, उत्पीड़न और शोषण से मुक्ती नहीं। आदर्श पत्नियों के रूप मे जो स्त्रिया सुरक्षित और सम्माननीय दिखाई देती है वे भी शायद तब तक ही हैं, जब तक चुपचाप पती या घर के अन्य मर्द का हुक्म सिर झुका कर मानती रहे और उनके अनैतिक और व्यभिचारी व्यवहार का प्रतीरोध ना करें। विद्रोह की बड़ी किमत चुकानी पड़ती है।

महिला लेखन में सामाजिक प्रतिबद्धता तो झलकती है, लेकिन राजनैतिक विचारधारा का प्रभाव कम दिखता है। आलोचना के क्षेत्र में जरूर नारियां की पैठ कम है। ऐसा नहीं है कि लेखिकाओं ने राजनैतिक उपन्यास कहानियाँ लिखी ही नहीं। 'जिंदगीनामा', 'महाभोज', 'अनित्य', 'सात नदियाँ–एक समंदर' आदि प्रत्यक्ष रूप से राजनैतिक सामाजिक चिंतन से उपन्यास है। कहानियाँ तो ऐसी अनेक है, जो नारी को लगाए गये मुखौटों को उतारकर वर्तमान समाज के मूल पक्षों से सामना कराती है।

आजादी के बाद भारतीय समाज मे शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता और नारीवादी आंदोलनों का भी प्रभाव रहा, जो शिक्षीत और स्वावलंबी स्त्रियों के निर्णय लेने की शक्ती मे लक्षीत होता है। पुरूष प्रधान परिवार व समाज मे भी स्त्रियों का प्रतिरोध करना उनके अपने मैं को पहचानने की कोशिश है।

भारतीय समाज नारी के अस्तित्व बोध की समस्या से अनभिज्ञ रहा। विषमता की इन त्रासदियों की ओर समाज का ध्यान आकृष्ट करना नारी की पहली अनिवार्यता थी। एक सच्चे साहित्यिक की पहचान भी यही है की वह अपना कर्म बखुबी निभाये, चाहे उसका दायरा कितना भी सीमित क्यों

न हो परंतु वह जो कुछ अनुभव करे उसका यथार्थ चित्रण करे और यह कल्पनाशील न होकर यथार्थ की धरती पर खड़ा हो। यही तस्वीर समाज के समक्ष प्रस्तुत करे। आज की महिला कथाकार अपने कर्म को बखूबी निभा रहीं है।

कन्हैया श्रीवास
B.Sc. I

शहर मेरा आज गाँव हो गया है
पड़ोसी कौन है मालूम हो गया है

गाड़ी मोटर की आवाज नही है
पंछियों की आवाज से सवेरा हो गया है।
सड़को के दर्द को महसूस कर रहा हूँ
पेड़ पौधों को सुकून की सांस दे रहा हूँ
दौड़ भाग भरी जिंदगी मे सुकून हो गया है।

सुनो शहर मेरा आज गाँव हो गया है।

वो कूकर की सीटियां सुन रहा हूँ
वो छत पे झगड़ते बच्चों को देख रहा हूँ
पेड पे हिलते पत्तों की आवाज सुन रहा हूँ
बहती हवाओं का भी एहसास हो गया है।

शहर मेरा आज गाँव हो गया है।

आज समझ आ रहा है दो निवाले ही बहुत थे
गाड़ी बंगला सब फिजूल ही तो है
देखा देखी मे क्या क्या जाने जोड़ दिया है।

शहर मेरा आज गाँव हो गया है।

समझूँगा बैठ कर विज्ञान ने क्या ज़िदगी आसान बनायी है ?
पसीन बहाना छोड़ कर पसीना आना सिखाया है।
कुदरत से कहीं खिलवाड़ ज्यादा
तो नही हो गया है

शहर मेरा आज गाँव हो गया है।
..... वो ही पुरानी कलम

- अनाम





- D विद्या (ईल्म) इंसान को इंसान बना देता है अर्थात विद्या से इंसान अपने आप मे कई खूबीयाँ पैदा कर सकता है और अपने जीवन में प्रगती प्राप्त कर सकता है, और जिसके पास कुछ नही होता या जो फकीर है वह भी विद्या के कारण बादशाह एवं मधन बन सकता है।
- D ऐसे लोग जो कला का अर्थ या महत्व भी नही जानते वे लोग भी ईल्म के कारण कलाकार बन सकते है या ईल्म ऐसे लोगो को फनकार बना देता है।
- D जिस खानदान मे नही तहजीब यानी तमीज, एहतराम अदम ऐसे खानदान या खानदान के लोगो को भी ईल्म तहज़ीब वाला (मोहज्ज़ीब) बना देता है।
- D उदा. के तौर पर जो पढ़ा लिखा नही होता उसकी भाषा से ही उसकी विद्या या माहोल का पता चल जाता है जबकी जो पढ़े लिखे होते है वे नम्र, सभ्य एवं शीलन होता है।
- D ईल्म जैसे अल्लाह दे उसे ईमान भी दे अर्थात विद्या का सही प्रयोग करना भी आवश्यक है वरना वह ईल्म वो है वो शैतान बना देता है।

  यदि विद्या का सही उपयोग किया जाए तो वह वरदान है और अगर गलत किया जाए तो अभिशाप।

हिंदी साहित्य मे महिलाओं का योगदान

जीवन के सभी क्षेत्रो में स्त्री ने पुरूष का साथ दिया हैं। वह उसकी सहधर्मिणी हैं। वह उसके पीछे कैसे रह सकती हैं। वीर क्षत्राण्यिो ने तो युद्ध भूमि मे भी पुरूषो का साथ नही छोडा था। साहित्य के क्षेत्र मे, जहाँ महाकवियो ने साहित्य को एक नवीन दिशा प्रदान की वहाँ महिलाओं ने भी अपनी अमूल्य कृतियो से साहित्य के इतिहास मे एक नवीन पृष्ठ जोड़ दिया। हिन्दी साहित्य का आदिकाल वीरगाथा काल कहा जाता हैं। वह राजनैतिक आँधी और तूफान का युग था। मुसलमानो का आक्रमण जिस समय भारतवर्ष पर हो रहा था और वे क्रमशः अपना अधिकार जमाते जा रहे थें। यह समय महिलाओं की कोमल भावनाओ का भी नही था। अतः हिंदी साहित्य के आदिकाल मे कोई महिला साहित्यकार प्रकाश में नही आया। परंतु उसके पश्चात् सभी कालो मे महिलाओं ने साहित्य के विकास मे यशाशक्ति योगदान दिया। भक्तिकाल की मधुर एवं कोमल साहित्यिक प्रवृत्तियाँ महिलाओ की रूचि के अनुकूल थी। इस काल मे कोई उच्चकोटि की महिला कवियत्रियो के दर्शन होते हैं, जिन्होंने निराकार ब्रम्ह और साकार ब्रम्ह श्रीकृष्ण को पति के रूप में स्वीकार करके अपने अन्तर्मन की भावनाओ को कोमलकान्त पदावली मे व्यक्त किया। भक्तिकालीन महिला काव्यकाशे में सहजोबाई, दयाबाई, और मीराबाई का नाम विशेष रूप मे उल्लेखनीय हैं। सहजोबाई चरणदास की शिष्या थीं, उन्होने निराकार प्रियतम के प्रति अनूठी उक्तियाँ कहा हैं। प्रियतम की भक्ति माधुरी में प्रेमरत होकर सहजो कहने लगती –

बाबा नगरू बसाओ -

ज्ञान दृष्टि सूँ घट से देखौ, सुरति निरति लो लावौ।

पाँच मारि मन बसकर अपने तीनो ताप नसावो।''

दयाबाई भी चरणदास की शिष्या थी। उनका विषय वर्णन भी सहजोबाई की भाँति अपने निराकार प्रियतम का आह्वान और बिहार निवेदन ही हैं। मृतप्राय हिंदू जाति पर इन कवियात्रियो ने अपनी रसमयी काव्य–धारा की ऐसी पीयूष वर्षा की कि वह आज तक सानन्द जीवित हैं। इसके पश्चात मीरा का नाम आता हैं। मीरा भक्ति साहित्य की सर्वश्रेष्ठ कवयित्री मानी जाती हैं। मीरा की कोमल वाणी ने भारतीय साहित्य मे प्रेम और आशा से भरी हुई वह पावन सरिता प्रवाहित की जिसकी वेगवती धारा आज भी भारतीय अन्नरात्माओ मे त्यों का ज्यो अबाध गति से बह रही हैं। मीरा ने अपने पदों में अनुभूत प्रेम और विरह वेदना को स्थान दिया हैं। आज भारत के घर–घर मे मीरा के पद गाए जाते हैं। मीरा की–सी वेदना, टीस और कसक सम्भवतः हिन्दी की किसी अन्य कवयित्री में नही मिल सकती। मीरा के पद हिन्दी साहित्य की अमूल्य निधि हैं।

एक पदम मे मीरा ने कहा हैं -

'हे री मैं तो प्रेम दीवानी, मेरा दरद न जाने कोय।

दरद की मारी बन-बन डोलूँ, वैद मिला नहि कोय।

सूली ऊपर सेज पिया की, किस विधि मिलना होय,

मीरा की प्रभु पीर मिटै जब, वैद साँवरिया होय।'

अकबर के शासनकाल मे 'राय प्रवीण' नाम की एक वेश्या थी। नृत्य और गीत के साथ वह सुंदर कविता भी करती थी। वह महाकवि केशव की शिष्या थी। केशवदासजी ने कविप्रिया मे इसका वर्णन भी किया हैं। पहले तो उसने मना किया, परंतु बाद में विवश होकर उसे गाना पड़ा। इसके तत्काल बाद निम्नलिखित दोहा बनाकर सुनाया, जिसे सुनकर अकबर बहुत ही लज्जित हुआ

''विनती राय प्रवीण की सुनिए शाह सुजान। जूठी पातर चखत हैं, बारी बायस स्वान।।

इनके बाद 'ताज' का नाम आ जाता हैं, यद्यपि ये मुस्लमान थी, फिर भी इन्हें श्री कृष्ण से प्रेम हो जाता हैं।

इनकी कविता भक्ति रस से ओत प्रोत हैं। ताज श्रीकृष्ण के चरणो मे अपना तन, मन, धन संपत्ति समर्पित करने को उत्सुक थी। प्रभु की आशिकी का जो प्रदर्शन मुसलमान होकर भी ताज ने अपनी कविता मे करने का साहस किया हैं।

सुनो, दिलजानी मेरे दिल की कहानी तुम

दस्त ही बिकानी, बदनामी भी सहूँगी मैं।

देव पूजा ठानी हो, नमाज हूँ भुलानी,

तज कलाम कुरान सारे गुनन कहूँगी मैं।।

ईशिका मंशानी
B.Sc. I

धर्म और विज्ञान

विज्ञान और धर्म, समान्यताया बल्कि संपूर्ण तथा दोनों के क्षेत्र अलग–अलग हैं। 'धरातये इति धर्म' इस उक्ति के अनुसार धर्म वह है, जिसमें समस्त उदात्त, उदार और महान माननीय वृत्तियों, सदगुणों को धारण करने की अद्‌भुत क्षमता विद्यमान रही है। इस दृष्टि से धर्म का कोई स्थल एवं निर्धारित स्वरूप नहीं होता। अपने–आपमें वह मात्र एक पवित्र एवं सूक्ष्म हमेशा विकास करते रहनेवाली भावना है। जीवन जीने की एक आस्था और विश्वास है। जीवन जीने की एक आस्था और विश्वास है। पूजा–पाठ, व्रत–उपवास या रोजा–नमाज जैसे ब्रहनाचार भी धर्म नहीं है। इन्हें धर्म के सतस्वरूप बाह्य माध्यम अवश्य कहा जा सकता है। धर्म का वास्तविक संबंध जाति–पाति या मज़हब के साथ ही नहीं हुआ करता। ये सब तो मानव को बाह्य स्तर पर विभाजित करनेवाली स्थूल क्यारियां मात्र हैं। धर्म है पवित्र आचरण एवं व्यवहार का नाम। धर्म है सत्य भाषण, प्राणिमात्र के प्रति प्रेम एवं अपनत्व का नाम। धर्म है सभी प्रकार के सद्‌भावों और सद्‌गुणों का नाम। इसके अतिरिक्त यदि किसी अन्य बहों को धर्म कहा जाता है, तो वह प्रवंचना और छलावे से अधिक कुछ नहीं। रूढ़ियां, अंधविश्वास, या अंधपरंपराएं भी धर्म नहीं हुआ करतीं। तभी तो प्रत्येक देश–काल के महापुरूषों ने इनका विरोध कर एकात्मभाव जगाने का काम किया है। वह एकात्मक भाव की मानवीय दृष्टि से आध्यात्मिक जागृति का वस्तुतः धर्म कहा जा सकता है।

इसके विपरित विज्ञान का अर्थ है – विशेष प्रकार का स्थूल ज्ञान, जो हमें भौतिक तत्वों की जानकारी कराता है, भौतिकता की ओर अग्रसर करके उसी की उपलब्धियां प्रदान करता है। जो दृश्य है, जिसे छुआ, नामा तोला या गणित की परिधियों में लाया जा सकता है। वही विज्ञान का सत्य है। वह तो धर्म और संस्कृति का विहार–क्षेत्र है। धर्म और विज्ञान दोनों का जीवन जीने व जीवन जीने के लिए समान आवश्यकता और महत्वपूर्ण हैं। दोनों मानव जीवन की महान उपलब्धियां हैं। दोनों सत्य तक पहुंचने–पहुंचाने के मार्ग हैं, पर अपने–अपने ढंग से, अपने–अपने स्थूल–सुक्ष्म साधनों और माध्यमो से।

सत्य तो यह है कि जब हम गंभीरता से विचार करके देखते हैं तो पाते हैं कि अपने आप में न तो धर्म अंधा हुआ करता है और न विज्ञान ही। इनका उपयोग–उपभोग करने वाला मानवऊंर्धा जो जाया करता हैं। कभी अपनी श्रेष्ठता के मद में और कभी अपनी साधना–संपन्नता के मद में। इस प्रकार के मदों में अंधा होकर जब वह दूसरों पर भी प्रभावी होने का प्रयत्न करने लगता है, तब धर्म और विज्ञान दोनों की प्रगतियों, गतिविधियों और अस्तित्व के वास्तविक उद्‌देश्यों का अंत हो जाया करता है। तब दोनो ही मानवता को विनाश की विभीषिका ही दे पाते हैं।

धर्मरहित विज्ञान लंगडा हैं,
और विज्ञान रहित धर्म अंधा।

- अल्बर्ट आंइस्टीन

''धर्म, विज्ञान और कला,
वास्तव में एक ही पेड़ की शाखा - प्रशाखाएं हैं।

सलोनी निरवान
B.Sc. I

पर्यावरण और प्रदूषण - कारण और उपाय

पर्यावरण प्रदूषण एक वैश्विक समस्या है। धरती के प्राणियों एवं वनस्पतियों को स्वस्थ व जीवित रहने के लिए हमारे पर्यावरण का स्वच्छ रहना अति आवश्यक है, किन्तु मानव अपने स्वार्थ सिद्धि हेतु प्रकृति का इस प्रकार से दोहन किया जा रहा है कि हमारा पर्यावरण दूषित हो चला है और आज पर्यावरण प्रदूषण भारत ही नहीं, बल्कि विश्व की एक गंभीर समस्या बन गई है। प्रदूषण का शाब्दिक अर्थ है – गंदगी। वह गंदगी जो हमारे चारों ओर फैल गई है और जिसकी गिरफत में पृथ्वी के सभी निवासी हैं।

प्रदूषण को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है – वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण। ये तीनों प्रदूषण मानव के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिध्द हो रहे हैं। इसकी चपेट में मानव–समुदाय ही नहीं, समस्त जीव–समुदाय आ गया है। इसके दुष्प्रभाव चारों ओर दिखाई दे रहे हैं। प्रौद्योगिक उन्नति की आधुनिक दुनिया में, प्रदूषण एक गंभीर पर्यावरणीय मुद्दा बन गया है जो कि पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित कर रहा है। स्वाभाविक रूप से सुंदर वातावरण दिन–ब–दिन बिगड़ता जा रहा है। वाहनों के परिवहन की वजह से शहरों में प्रदूषण की दर गांवों की तुलना में अधिक है। वाहनों, फैक्टरिओं और उद्योगों से निकलने वाले धुएं शहरों में स्वच्छ हवा को प्रभावित कर रहे है जो कि सांस लेने के लिए उचित नही है।

बड़े सीवर सिस्टम से गन्दा पानी, घरों का कचरा, कारखानों और उद्योगों से निकलेवाला केमिकल मुक्त पानी, सीधे नदियों, झीलों और महासागरों को मिल रहें हैं। ज्यादातर ठोस अपशिष्ट, कचरा और अन्य अनुपयोगी वस्तु लोगों द्वारा भूमि पर फेंके जाते हैं जो की फसल उत्पादन को प्रभावित करते हैं। शहरों में अधिकांश लोग सिर्फ अपने क्षणिक खुशी के लिए जन्मदिन, विवाह या अन्य अवसरों के दौरान फटाके फोड़कर व लाऊडस्पीकार से वायु व ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं। वाहनों की बढ़ती संख्या की वजह से शहरों में सभी सड़के दिन भर वाहनों से भरी रहती हैं। जो कि वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण के कारण हैं।

जीवन को बेहतर बनाने की भीड़ में, हर कोई अपनी आसान दिनचर्या के लिए अच्छी तरह के संसाधन चाहता है। इसकी चपेट में मानव–समुदाय ही नहीं, समस्त जीव–समुदाय आ गया हैं। लेकिन वे अपने प्राकृतिक परिवेश के बारे में नहीं सोचते। ज्यादातर वायु प्रदूषण सार्वजनिक परिहवन द्वारा होता है। कार्बनडाइऑक्साइड और कार्बन मोनो ऑक्साइड जैसी विषैली गैसें है जो की वायु को प्रदूषित करती हैं और वातावरण में ऑक्सीजन के स्तर को कम कर रही हैं।

उत्पादक कारखानें भी लोगों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए वायु प्रदूषण में योगदान कर रहे हैं। निर्माण प्रक्रिया के दौरान कारखानों के द्वारा कुछ विषाक्त गैसें, गर्मी और ऊर्जा रिलीज होती है। कुछ अन्य आदतें जैसे कि खुले में घरेलू कचरे को जलाना आदि भी हवा की गुणवत्ता बिगाड़ रही हैं। वायु प्रदूषण इंसान और जानवरों में फेफड़ों के कैंसर सहित अन्य सांस की बीमारियां दे रहा है।

जल प्रदूषण भी एक बड़ा मुद्दा है जो सीधे समुद्री जीवन को प्रभावित करता है क्योंकि वे अपने उत्तरजीविता के लिए केवल पानी में पाए जाने वाले पोषक तत्वों पर निर्भर रहते हैं। धीरे–धीरे समुद्री जीवन का गायब होना वास्तव में मनुष्य और जानवरों की आजीविका पर असर डालेगा। कारखानों, उद्योगों, सीवेज सिस्टम और खेतों आदि के हानिकारक कचरे का सीधे तौर पे नदियों, झीलों और महासागरों के पानी के मुख्य

स्त्रोत में मिलना ही जल को दूषित करने का कारण है। दूषित पानी पीना गंभीर स्वास्थ्य संबंधी विकार उत्पन्न करता है।

अतः जलाशयों में प्रदूषित जल का शुध्दिकरण होना चाहिए। कोयला तथा पेट्रोलियम पदार्थों का प्रयोग घटा कर सौर–ऊर्जा, पवन–ऊर्जा, बायोगैस, सी.एन.जी., एल.पी.जी., जल–विद्युत जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों का अधिकाधिक दोहन करना चाहिए। हमें जंगलों को कटने से बचाना चाहिए तथा रिहायशी क्षेत्रों में नए पेड़ लगाने चाहिए। इन सभी उपायों को अपनाने से वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण को घटाने में काफी मदद मिलेगी।

ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए कुछ ठोस एवं सकारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता है। रेडियो, टी. वी, ध्वनि विस्तारक यंत्रो आदि को कम आवाज में बजाना चाहिए।

प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है जिससे की हम एक स्वस्थ्य और प्रदूषण मुक्त वातावरण पा सकें। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि प्रदूषण को कम करने का एकमात्र उपाय सामाजिक जागरूकता है।

रश्मी बडेरे
B.Sc. I

प्रकृति एवं पर्यावरण प्रदूषण

प्राचीन काल से प्रकृति और मानव के बीच भावनात्मक संबंध रहा है। मानव अत्यंत कृतज्ञ भाव से प्रकृति के उपहारों को ग्रहण करता आया है। प्रकृति के किसी भी अवयय को क्षति पहुँचाना पाप समझा जाता है। बढ़ती जनसंख्या एवं भौतिक विकास के फलस्वरूप प्रकृति का असीमित दोहन प्रारंभ हुआ। भूमि से हमने अपार खनिज सम्पदा, डीजल, पेट्रोल आदि निकाल कर धरती की कोख को उजाड़ दिया। वृक्षों को काट–काट कर मानव समाज ने प्राकृतिक संपदा का उपयोग किया। वन्य जीवों के प्राकृतवास वनों के कटने के कारण वन्य–जीव बेघर होते गए। असीमित उद्योगों के कारण लगातार जहर उगलती चिमनियां वायुमंडल को विषाक्त कर रही है। हमारी पावन नदियाँ अब गंदे नाले का रूप ले चुकी हें। नदियों का जल विशाक्त होने के कारण उसमें रहने वाली मछलियाँ एवं अन्य जलीय जीव तड़प–तड़प कर मर रहे हैं। बढ़ते ध्वनि प्रदूषण से कानों के परदों पर लगातार घातक प्रभाव पड़ रहा है। लगातार घातक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग भूमि का उसरीला बना जा रहा है। पृथ्वी पर अम्लीय वर्षा का प्रकोप धीरे–धीरे बढ़ता जा रहा है तथा लगातार तापक्रम बढ़ने से पहाड़ों की बर्फ पिघल रही है जिससे पृथ्वी के अस्तित्व को खतरा होता रहा है।

पर्यावरण प्रदूषण जो मानव सभ्यता के अस्तित्व को चुनौती दे रहा हैं स्थिती यहाँ तक आ गई है कि सृष्टि का भविष्य संकटग्रस्त हैं। पर्यावरण प्रदूषण के प्रमुख स्वरूप निम्न प्रकार है :–

१. वायु प्रदूषण :- मानव को प्रकृति प्रदत्त एक निःशुल्क उपहार मिला है और वह है वायु। यह उपहार सभी जीवों का आधार है

क्र.	प्रदूषक	प्रभाव
१.	आर्सेनिक	कैंसर, ब्लेट फुट रोग
२.	कैडमियम	उच्च रक्तचाप, रक्तकणिकाओं का क्षय, मिचली, दस्त, हृदय रोग
३.	बेरेलियम	कैंसर
४.	फ्लोराइड	दांतो का फ्लोरोसिस रोग, हड्डियों का क्षय
५.	सिलेनियम	बालों का झड़ना, त्वचा संबंधी रोग

२. सूक्ष्म–जीव जल में घुले हुये ऑक्सीजन के एक बड़े भाग को अपने उपयोग के लिए अवशोषित कर लेते है। जब जल में जैविक द्रव्य बहुत अधिक होते हैं तब जल में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है। जिसके कारण जल में रहने वाले जीव–जन्तुओं की मृत्यु हो जाती है।

३. औद्योगिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न रासायनिक पदार्थ प्रायः क्लोरीन, अमोनिया, हाइड्रोजन सल्फाइड, जस्ता, सीसा, निकिल एवं पारा आदि विषैले पदार्थो से युक्त होते हैं। यदि यह जल पीने के माध्यम से शरीर में पहुँच जायें तो गंभीर बीमारियों का कारण बन जाता है जिसमें अंधापन, शरीर के अंगो को लकवा मार जाना और श्वसन क्रिया आदि का विकार शामिल है। जब यह जल, कपड़ा धोने अथवा नहाने के लिये नियमित प्रयोग में लाया जाता है तो त्वचा रोग उत्पन्न हो जाता है।

४. प्रदूषित जल से खेतों में सिचाई करने पर प्रदूषक तत्व पौधों में प्रवेश कर जाते हैं। इन पौधों अथवा इनके फलों को खाने से अनेक संक्रामक बीमारियाँ उत्पन्न हो जाती हैं।

जल प्रदूषण रोकने के उपाय :-

१. अत्याधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को रोका जाना चाहिए तथा उसके स्थान पर गोबर की खाद का प्रयोग किया जाना चाहिए।

२. रासायनिक साबुनों के बढ़ते प्रयोग को कम किया जाना चाहिए।

३. उद्योगों के कचरे को नदियों में मिलाने से पूर्व उसमें उपस्थित कार्बनिक तथा अकार्बनिक पदार्थों को नष्ट कर देना चाहिए।

४. रेडियो एक्टिव पदार्थ, अस्पतालों एवं रासायनिक प्रयोगशालाओं के कूड़े को जल में मिलाने के स्थान पर उसे जमीन में गाड़ना चाहिएं। जल संकट की ओर विश्व जनमन का ध्यान आकृष्ट करने हेतु प्रति वर्ष २२ मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

३. ध्वनि प्रदूषण :- अनियंत्रित, अत्यधिक तीव्र एवं असहनीय ध्वनि को ध्वनि प्रदूषण कहते हैं। ध्वनि प्रदूषण की तीव्रता को 'डेसिबल इकाई' में मापा जाता हैं। शून्य डेबिल, ध्वनि की तीव्रता का वह स्तर है, जहाँ से ध्वनि सुनाई देने लगती है। फुसफुसाहट में बोलने पर ध्वनि की तीव्रता ३० डेसीबल होती है। वैज्ञानिकों के अनुसार ४० से ५० डेसिबल तक की ध्वनि मनुष्य के सहने लायक होती हैं। उससे अधिक की तीव्रता की ध्वनि मनुष्य के लिए हानिकारक होती है। मानव के परिप्रेक्ष्य में ध्वनि का स्तर निम्न प्रकार है –

क्र.	क्रिया	ध्वनि का स्तर (डेसिबल में)
१.	सामान्य श्रवण की सीमा	२०
२.	सामान्य वार्तालाप	५०–६०
३.	सुनने की क्षमता में गिरावट	७५
४.	चिड़चिड़ाहट	८०
५.	मांस–पेशियों में उत्तेजना	९०
६.	दर्द की सीमा	१२०

ध्वनि प्रदूषण का कारण :-

१. औद्योगिक क्षेत्रों में उच्च ध्वनि क्षमता के पावर सायरन, हॉर्न तथा मशीनों के द्वारा होने वाले शोर।

२. शहरों एवं गाँवों में किसी भी त्यौहार व उत्सव में, राजनैतिक दलों के चुनाव प्रचार व रैली में लाउडस्पीकरों का अनियंत्रित उपयोग।

३. अनियंत्रित वाहनों के विस्तार के कारण उनके इंजन एवं हार्न के कारण।

४. जनरेटरों एवं डीजल पम्पों आदि से ध्वनि प्रदूषण।

ध्वनि प्रदूषण के प्रभाव :- पर्यावरण प्रदूषण के अन्य स्वरूपों के साथ ध्वनि प्रदूषण भी हमारे लिये बड़े खतरे का कारण है। अधिक शोर से हमारे मस्तिष्क पर धातक प्रभाव पड़ता है तथा सुनने की शक्ति लगातार घटती जाती है जिससे धीरे–धीरे बहरापन आ जाता है। ध्वनि प्रदूषण से हृदय गति बढ़ जाती हैं। नवजात शिशुओं के स्वास्थय पर ध्वनि प्रदूषण का बुरा प्रभाव पड़ता है तथा इससे कई प्रकार की शारीरिक विकृतियां उत्पन्न हो जाती हैं। गैस्ट्रिक, अल्सर ओर दमा जैसे शारीरीक रोगों तथा थकान एवं चिड़चिड़ापन जैसे मनोविकारों का कारण भी ध्वनि प्रदूषण ही है।

ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण :

१) यथासंभव लाउडस्पीकरों का उपयोग प्रतिबंधित कर

देना चाहिये। जब तक अत्यंत आवश्यक न हो इनके उपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिये। लाउडस्पीकरो का उपयोग चिकित्सालयों एवं शिक्षण संस्थानों आदि से ५०० मी. से अधिक दूरी पर ही किया जाना चाहिये।

२) घरों में रेडियो, टेप, टेलीविजन का उपयोग कम आवाज में करना चाहिये।

३) वाहनों के हार्न का उपयोग कम से कम करना चाहिये।

४) वाहनों के सायलेंसरों एवं इंजन की देखभाल समय से करनी चाहिये।

५) हवाई जहाजों एवं जेट विमानों को निर्धारित उँचाई पर ही उड़ाना चाहिये।

६) पटाखों का उपयोग कम से कम करना चाहिये।

७) सड़कों के किनारे वृक्ष लगाकर ध्वनि प्रदूषण को कम किया जा सकता है।

८) रेलगाड़ी से उत्पन्न शोर को बैलास्ट विहीन रेल पथों के निर्माण द्वारा दूर किया जा सकता है।

मृदा प्रदूषण : वर्षा से भूमि की संरचना का बिगड़ना, दिन–प्रतिदिन उर्वरकों का प्रयोग, चूहे मारने की दवा आदि का प्रयोग तथा फसलों को बीमारी से बचने के लिये दवा का छिड़काव भूमिक की उर्वरकता को नष्ट कर देता है तथा ऐसा प्रदूषण मृदा प्रदूषण कहलाता है।

मृदा प्रदूषण का कारण :

१. सल्फर डाईऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड वर्षा से क्रिया करके अम्ल बनाती हैं जिसे अम्लीय वर्षा करते हैं। अम्लीय वर्षा भूमि की उर्वरकता को नष्ट करती है।

२. कई उर्वरक जैसे अमोनियम सल्फेट, यूरिया, कैल्शियम सायनामाइड, अमोनियम नाईट्रेट एवं कैल्शियम सुपर फॉस्फेट आदि का लगातार प्रयोग मृदा की उर्वकरता को नष्ट करता है।

३. सब्जी, फलों तथा फूलों पर लगने वाले कीड़ों को मारने के लिये किया जाने वाला रासायनिक छिड़काव मृदा को प्रदूषित करता है।

रेडियो एक्टिव प्रदूषण : नाभिकीय परमाणु परिक्षणों के फलस्वरूप कई रेडियो एक्टिव तत्व जैसे यूरेनियम, थोरियम, प्लूटोनियम तथा रेडियो एक्टिव किरणें जैसे–अल्फा, बीटा व गामा किरणें वातावरण में प्रवेश करके रेडियोधर्मी प्रदूषण उत्पन्न करते है।

रेडियो एक्टिव प्रदूषण का कारण : नाभिकीय भट्टियाँ तथा युध्द में प्रयोग हो रहे नाभिकीय बम तथा अन्य सामग्री तथा नाभिकीय परिक्षण आदि रेडियोधर्मी तत्व, किरणें आदि निकलकर वातावरण में प्रवेश कर वायु, जल तथा मृदा को हानि पहुँचाती है।

रेडियो एक्टिव प्रदूषण का प्रभाव

१) रेडियोएक्टिव पदार्थ वातावरण में इतनी अधिक मात्रा में ऊर्जा उत्सर्जित करते हैं की इससे पौधों की कोशिकाएं तथा जानवरों एवं मनुष्यों की कोशिकाएं भी नष्ट हो जाती है।

२) रेडियो धर्मी प्रदूषण के आस–पास रहने के टयूमर हो जाता है तथा समय से पूर्व की बाल सफेद हो जाते है।

३) नाभिकीय विस्फोट से नदियों तथा समुद्र का जल प्रदूषित हो जाता है जिससे समुद्री जीव–जंतु नष्ट हो जाते है।

४) रेडियोएक्टिव तत्व स्ट्रान्शियम मृदा को नष्ट कर देता है।

५) गामा रेडियो एक्टिव किरणें अत्यधिक खतरनाक होती हैं। अत्याधिक भेदन क्षमता होने के कारण इनसे उत्सर्जित ऊर्जा से जीवित कोशिकाएं आदि नष्ट हो जाती है।

रेडियो एक्टिव प्रदूषण का निदान : परमाणु एवं नाभिकीय परिक्षणों को सीमित करना।

जलवायु परिवर्तन : पृथ्वी के उपद्रव से लेकर आज तक इसमें निरंतर परिवर्तन हो रहा है। इसकी गती कभी तीव्र होती है तो कभी मंद। पर्यावरण के प्रमुख भौगोलिक घटक जैसे ताप, वायुदाब, आर्द्रता, वायु वेग, वर्षा आदि जलवायु का निर्माण करते हैं।

विगत वर्षों से जनसंख्या वृध्दि, औद्योगिकरण, वन विनाश, स्वचालित वाहनों में वृध्दि तथा रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग से पर्यावरण को क्षति पहुँची है तथा जलवायु के विभिन्न तत्वों जैसे – ताप, वायुदाब, आर्द्रता वायु वेग, वर्षा आदि में व्यापक परिवर्तन हुआ हैं। इन

परिवर्तनों के कारण मानव अस्तित्व खतरे में है। जलवायु परिवर्तन के मुख्य कारण के निम्न प्रकार है –

प्राकृतिक कारण :- मृदा क्षरण, बाढ़, तूफान, चक्रवात, भूस्खलन, ज्वालामुखी, दावाग्नि, सूखा, आँधी एवं भूकम्प आदि।

मानवीय कारण :- जनसंख्या वृध्दि, औद्योगीकरण, वन विनाश, यातायात के साधन, अनियोजित नगरीकरण, संसांधनों का असीमित दोहन आदि।

जलवायु परिवर्तन के मुख्य प्रभाव के निम्न प्रकार है :-

१) ग्रीन हाऊस, प्रभाव तथा वैश्विक ताप में वृद्धि
२) अम्लीय वर्षा
३) ओजोन परत का क्षरण
४) नाभिकीय दुर्घटनाएं
५) प्रचण्ड अग्निकाण्ड
६) भू–स्खलन
७) अकाल

पॉलीथीन प्रदूषण - प्राथमिक रूप से प्लास्टिक थैलों, प्लास्टिक फिल्म व बोतल आदि जैसे वाहकों में प्रयुक्त होने वाली पॉलीथीन सर्वप्रथम संयोगवश संश्लोषित हुई। वर्ष १८९९ में जर्मन रसायनशास्त्र हास वान पेचमान द्वारा डाइ एजोमीथेन को गर्म करते समय पॉलीएथीलीन या पॉलीथीन सर्वप्रथम संयोगवश संश्लेषित हुई। सर्वाधिक प्रयोग होनेवाली प्लास्टिक उनके सहयोगियों यूजेन बामबर्गर व फ्रेडिक शीरनर ने इस वेत पदार्थ जो – CH_2 की लंबी श्रृंखला धारित करती है, को पॉलीमेथीलीन नाम दिया। पॉलीएथीलीन या पॉलीथीन का वैज्ञानिक (IUPAC) नाम पाली ईथीन या पालीमेथीलीन है।

पॉलीथीन प्रदूषण के प्रभाव :-

१) पॉलीथीन थैली या प्लास्टिक को जलाने पर जहरीली गैस निकलती है।
२) पॉलीथीन या प्लास्टिक भूमि, जल एवं वायु तीनों के लिये अभिशाप है। धरती पर इसके गलने में ४०० वर्ष से भी अधिक का समय लगता है।
३) जहाँ अत्यंत आवश्यक न हो, पानी हेतु प्लास्टिक की बोतल का प्रयोग नहीं करना चाहिए।
४) विवाह समारोह व अन्य पर्वों पर प्लास्टिक का प्लेट तथा कप के स्थान पर पत्तल देना तथा मिट्टि के कुल्हड़ के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जाता है।

मानव बिना भोजन एवं बिना जल के कुछ समय भले ही व्यतीत कर ले, बिना वायु के वह दस मिनट भी जीवित नहीं रह सकता। यह अत्यंत चिन्ता का विषय है की प्रकृति प्रदत्त जीवनदायिनी वायु लगातार जहरीली होती जा रही है। शहरों का असीमित विस्तार, बढ़ता औद्योगीकरण परिवहन के साधनों में लगातार वृद्धि तथा विलासिता की वस्तुएं वायु प्रदूषण को लगातार बढ़ावा दे रही है। मानव २४ घंटे में लगभग २२,००० बार साँस लेता है तथा इसमें प्रयुक्त वायु की मात्रा लगभग ३५ गैलन या १६ कि.ग्रा. है। ऐसी वायु जो हानिकारक अवयवों से मुक्त हो, उसे शुद्ध वायु कहते हैं। वायु के मुख्य संघटकों में नाइट्रोजन, ऑक्सीजन एवं कार्बन डाई ऑक्साईड हैं। उक्त के अतिरिक्त वायुमण्डल में थोडी मात्रा में आर्गन या नियॉन जैसी विरल गैसें भी पाई जाती है। वायुमण्डल में प्रमुख गैसों की सान्द्रता निम्न प्रकार है –

१.	नाइट्रोजन	७९.२० प्रतिशत
२.	ऑक्सीजन	२०.६० प्रतिशत
३.	कार्बन डाइ ऑक्साइड	०.२० प्रतिशत
४.	अन्य	अति सूक्ष्म रूप में

आधुनिक युग में उद्योगों की चिमनियों, बढ़ते वाहनों एवं अन्य कारणों से वायुमण्डल में अनेक हानिकारक गैसें मिश्रित हो रही है जिनमें सल्फर डाइ ऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड, नाइट्रोजन के विभिन्न ऑक्साइड, क्लोरो फ्लोरो कार्बन एवं फार्मेलिडहाड मुख्य हैं। इसके अतिरिक्त सड़कों पर चल रहे वाहनों से निकला सीसा (लेड), अधजले हाइड्रोकार्बन और विषैला धुआँ भी वायुमण्डल को लगातार प्रदूषित कर रहे हैं। वायुमण्डल वातावरण के इस असंतुलन को 'वायु प्रदूषण' कहते हैं।

२. जल प्रदूषण - जल में ठोस कार्बनिक, अकार्बनिक पदार्थ, रेडियोएक्टिव तत्व, उद्योगों का कचरा एवं सीवेज से निकला हुआ पानी मिलने से जल प्रदूषित हो जाता है।

जल प्रदूषण के कारण :-

१. उद्योगों से निकलनेवाला कचरा कई धातुयें जैसे

मरकरी, कैडमियम एवं लेड आदि अपने साथ निकालता है।

२. सीवेज का जल मानव तथा पशुओं के मल को अपने साथ ले जाता है, जिसमें कई जीवाणु, हानिकारक पदार्थ जैसे यूरिया एवं यूरिक एसिड आदि मिले रहते हैं।

३. बहुत से साबुनों से निकालने वाला पानी भी जल को प्रदूषित करता हैं।

४. निर्माण कार्य में प्रयुक्त पदार्थ, इमारतों में प्रयोग होने वाले पदार्थ जैसे फास्फोरिक एसिड, कार्बोनिक एसिड, सल्फयूरिक एसिड आदि नदि में मिलकर जल प्रदूषण फैलाते है।

५. कुछ कीटनाशक पदार्थ जैसे डीडीटी, बीएचसी आदि के छिड़काव से जल पद्रूषित हो जाता है तथा समुद्री जानवरों एवं मछलियों आदि को हानि पहुँचाता है। अतंतः खाद्य श्रृंखला को प्रभावित करते हैं।

६. नाइट्रेट तथा फॉस्फेट लवण ही साधारणतया उर्वरक के रूप में प्रयोग किये जाते हैं। यह लवण वर्षा में मिट्टी के साथ मिलकर जल को प्रदूषित कर देते हैं।

७. कच्चा पेट्रोल, कुँओं से निकालते समय समुद्र में मिल जाता है जिससे जल प्रदूषित होता हैं।

जल प्रदूषण के प्रभाव - भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली बीमारियों का एक मुख्य कारण प्रदूषित जल है। अतिसार, पेचिश, हैजा एवं टायफाइड आदि दूषित जल के प्रयोग से ही होते है।

निदा शेख
B.Sc. I

जल संवर्धन मानवी आवश्यकता

पानी या जल एक रासायनिक पदार्थ हैं। जिसका अणु दो हाइड्रोजन परमाणु और एक ऑक्सीजन परमाणु से बनता हैं। यह सारे प्राणियों के जीवन का आधार हैं। आमतौर पर जल शब्द का प्रयोग द्रव के लिए उपयोग में लाया जाता हैं। यह गैस अवस्था बर्फ और गैसीय अवस्था (भाप या जल बाष्प) में भी पाया जाता हैं। पानी जल–आत्मीय सतहों पर तरल–क्रिस्टल के रूप में भी पाया जाता हैं।

जल लगातार एक जल चक्र में घूमता रहता हैं। जिसे जलचक्र कहते हैं, इसमें वाष्पीकरण या ट्रांस्पिरेशन, वर्षा और बह कर सागर में पहुँचना शामिल हैं। साफ़ और ताज़ा पेयजल मानवीय और अन्य जीवन के लिए आवश्यक हैं, लेकिन दुनिया के कई भागों में खासकर विकासशील देशों में भयंकर जलसंकट हैं और अनुमान हैं कि दो हजार पच्चीस तक विश्व की आधी जनसंख्या इस जलसंकट से जूझेगी। जल विश्व अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।

पानी के स्त्रोत

प्रत्येक आवास स्थल पर पानी की आवश्यकता पूर्ती के लिए कुँआ, बोरवेल अथवा भूमिगत पानी के टैंक का निर्माण किया जाता हैं। इसके लिए वास्तु विषय हमें सही दिशा–निर्देश देता हैं, जिसका पालन करना अत्यंत आवश्यक होता हैं। वास्तु के दिशा निर्देष के अनुसार बनाये गये भूमिगत पानी के स्त्रोत से शुभ फल तथा वास्तु के सिध्दांतों के विपरित दिशा में बनाने में दुष्परिणाम प्राप्त होते हैं, ऐसा लोगों का मानना है।

नीचे दिए गए निर्देशित अलग अलग दिशा में बनाये गऐ भूमिगत पानी के स्त्रोत से प्राप्त होने वाले पृथक परिणाम हैं :–

दिशा		परिणाम
१) पूर्व	–	मान –सम्मान एवं ऐश्वर्य में वृध्दि
२) पश्चिम	–	मानहानि, शरीर के आंतरिक शक्ति एवं अध्यात्मिक भावना में वृध्दि
३) उत्तर	–	सुखदायक, धन लाभ
४) दक्षिण	–	स्त्री नाश, धनहानि महिला वर्ग का जीवन कष्टमय

५) पूर्व–ईशान – अत्यंत शुभ–सौभाग्य–समृध्दिदायक

६) उत्तर–ईशान– आर्थिक उन्नतिकारक

७) आग्नेय – पत्नी व संतान के लिये घातक, पुत्र नाश अनारोग्य, वाद–विवाद, विशेषतः द्वितीय संतान के जीवन के लिए अशुभ फलदायक

८) वायव्य – मानसिक अंशाति, शत्रु पीड़ा, निर्धनता, चोरी, अदालत के चक्कर, शुभ कार्य में विध्न

९) नैऋत – गृह मालिक का जीवन मृत्यु तुल्य, अत्ति अशुभ फलदायक, धन नाश, बुरे व्यसन का शिकार

१०) ब्रहम स्थल – धन नाश, मानसिक, विक्षिप्तता, आर्थक दिवालियापन की स्थिति

पानी बचाने के उपाय :-

- टपकता हुआ नल सप्ताह में ९० लीटर तक पानी बर्बाद कर सकता हैं। इसलिए हमें नल अच्छे से बंद करना चाहिए।
- ब्रश करते समय पानी चलता रखने में ६ लीटर प्रति मिनट पानी बर्बाद होता हैं, मग का प्रयोग करने से पानी बचाया जा सकता हैं।
- पानी फ्रीज में रखने से ठंडे पानी के लिए जल खुला नहीं छोडना चाहिए। इससे पानी की बचत होती हैं।
- टैंक में पानी बचाने वाले उपकरण के प्रयोग से पानी बचाया जा सकता हैं। टैंक खरीदकर वर्षा जल का संग्रह किया जा सकता हैं।
- स्थानीय गार्डन सेन्टर से किस पौधे को कितने पानी की आवश्यकता है, कुछ पौधे शुष्क मौसम में सूख सकता हैं। इसकी जानकारी के अनुसार पौधों को पानी डालना चाहिए।
- बाथटब से पानी जयादा बर्बाद होता हैं, जितना पानी एक दिन में चार सदस्यों के परिवार के लिए पर्याप्त हैं उतना पानी बाथटब से बर्बाद होता हैं।
- गंदा पानी अपने फिश टैंक को साफ़ करने के बाद पौधों में डालें, इसमें फास्फोरस और नाइट्रोजन की अधिकता होने के कारण पौधों को अच्छा पोषण मिलेगा।
- वाशिंग मशीन का प्रयोग करके भी पानी बचाया जा सकता हैं। इससे ऊर्जा की भी बचत होगी।
- पाँच मिनट के शावर से पानी बचाया जा सकता हैं।
- वाटर मीटर लगाने से, यह देखकर कि कितना पानी प्रयोग हुआ हैं आप पानी बचा सकते हैं।
- पानी बगीचे को तापमान कम होने पर दें ताकि वाष्पीकरण तेज़ी से न हो।
- जल संरक्षण के लिए बगीचे में ही कंकड़, पत्थर, ईंटों आदि के प्रयोग द्वारा सजावट के साथ–साथ जल संरक्षण भी किया जा सकता हैं।

पानी के बर्बाद होने के दुष्परिणाम

इस समय हमारे देश में ऐसे कई गाँव हैं जहाँ पानी की कमी है इसीलिए उन गाँव के लोग पानी के लिए तरसते हैं लेकिन यह बाह कई लोगों को समझ ही नहीं आती। दरअसल हम पानी को अपने हिस्से में आयी जायदाद मानते हैं। शासकीय हैंडपंप को इतनी बेरूखी से चलाते हैं कि उसके प्राण चलाने वाले के हाथ में आ जाते हैं। आज ज्यादातर लोगों की सोच दूसरे की प्यास की कीमत पर अपना आनन्द भोगने की है। इस प्रकार हमने पानी को बहाकर बर्बाद किया है और धरती के अंदर छिपे हुए भूमिगत पानी के घड़े का भी भी अनियंत्रित तरीके से दोहन करके खाली कर दिया है और आज सभी के सामने सूखा, गर्मी और अनावृष्टि जैसे परिणाम दिखाई दे रहे हैं।

बुजुर्गों ने कहा भी है -

धरती माँ की कोस में जल के हैं भंडार।
बूँद–बूँद को तड़फते, फिर भी हम लाचार।
जल के दोहन के लिए, लगा दिया सब ज्ञान।
पुनर्भरण से हट गया, सब कृषकों का ध्यान।।

हमने गलती कहां की – हमने अपने ज्ञान का उपयोग पानी को बर्बाद करने के साथ–साथ धरती के अंदर छिपे हुए भूमिगत जल को अनियंत्रित तरीके से उसकी छाती से

मशीनों के द्वारा छिद्र करके दोहन किया। हमने कभी भी इस जल को फिर से जमीन में पहुंचाने का प्रयास ही नहीं किया। बल्कि कुंए और नलकूपों की गहराई ही बढ़ाते चले गए।

यदि पानी ना हो तो

क्या आपने कभी सोचा कि अगर दुनिया से पानी खत्म हो गया तो क्या होगा। कैसा होगा तब हमारा जीवन। आमतौर पर ऐसे सवालों को हम और आप कंधे उचकाकर अनसुना कर देते हैं और ये मान लेते हें कि ऐसा कभी नहीं होगा। काश हम बुनियादी समस्याओं की ओर गंभीरता देखे तो तर्को, तथ्यों और हकीकत के धरातल पर महसूस होने लगेगा कि वाकई हम खतरनाक हालात की ओर बढ़ रहे हैं।

पानी की कमी की बात करते ही एक बात हमेशा सामने आती हैं कि दुनिया में कहीं भी पानी की कमी नहीं है। दुनिया के दो तिहाई हिस्से में तो पानी ही पानी भरा है। यहां ये बताना जरूरी होगा की मानवीय जीवन जिस पानी से चलता है उसकी मात्रा पूरी दुनिया में पाँच से दस फीसदी से ज्यादा नहीं है। नदियाँ सूख रही हैं। ग्लेशियर सिकुड़ रहें हैं। झीलें और तालाब लुप्त हो चुके है। कुओं का रखरखाव नहीं होता। भूगर्भीय जल का स्तर तेजी से कम होता जा रहा हैं। हालात सचमुच चिंताजनक है – आखिर किस ओर बढ़ रहे हैं हम। हमें पानी को बर्बाद होने से बचाना चाहिए इसिलिए इस संदर्भ मे रहीम ने कहा है –

रहीमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।
पानी गए न उबरे, मोती, मानुस, चून।।

रहीम जी कहते हैं कि पानी को बर्बाद मत करो, बिना पानी के कुछ नहीं है क्योंकि अगर पानी नहीं होगा तो मोती, मनुष्य और आटा का कोई मुल्य नहीं होगा।

पानी संवर्धन का महत्व

हमारे जीवन में जल का अनन्य महत्व है। जल के बिना कुछ भी संभव नहीं है। पृथ्वी पर जल पाया जाता है इसलिए इसे अनोखा ग्रह कहते हैं। जल के कारण ही आज मनुष्य जाति पृथ्वी पर विकसित हो सकी है। मनुष्य पशुओं पेड़–पौधों सभी के लिए जल आवश्यक होता है।

मानव जीवन के लिए जल का महत्व :- मनुष्य के लिए जल बहुत महत्वपूर्ण है। बिना भोजन किए मनुष्य ७ दिनों तक जीवित रह सकता है पर बिना जल पिए वह ३ दिन में ही मर जाएगा। हम सभी लोगों को प्यास लगती हैं और प्यास बुझाने के लिए जल का प्रयोग करते हैं।

स्वस्थ रहने के लिए जल का महत्व - मनुष्य के शरीर में ७५ से ८०% तक जल पाया जाता है। रक्त में ७% जल होता है। स्वस्थ रहने के लिए हमें साफ और शुध्द जल का सेवन करना चाहिए। दूषित जल पीने से पीलिया, गैस, संक्रामक रोग, चेचक जैसी बीमारियां हो जाती हैं।

पेड़ पौधों के लिए जल का महत्व - मनुष्य की तरह पेड़ पौधों को भी जल की आवश्यकता होती है। पौधे अपनी जड़ों से जल ग्रहण करते हैं और सभी शाखाओं पत्तियों तक जल पहुंचा देते हैं। पेड़ पौधे विकसित नहीं होते। पानी ना मिलने पर सभी पेड़ पौधे मुरझा जाते हैं और शीघ्र ही सूख जाते हैं।

पशु, पक्षी और अन्य जीवों के लिए जल का महत्व - मनुष्य की तरह पशु–पक्षियों और अन्य जीवों को भी प्यास लगती है। गाय, भैंस, बकरी, भेड़, शेर, पक्षी और दूसरे जीव भी पानी पीते हैं। पानी बिना कोई भी जीवित नहीं रह सकता है। कुछ ही ऐसे दुर्लभ जीव हैं जो ना के बराबर पानी का सेवन करते हैं, पर अधिकतर पशु–पक्षी और जीव–जंतु पानी का इस्तेमाल करते हैं।

गायत्री देवतळे
B.Sc. I



रुचिका निंबाळकर
B.Sc. I

अपेक्षा गारसे
B.Sc. III (Sem V)

अंजली टिगाले
B.Sc. Sem (III)



VIGYANIKA
2019-20

महाराष्ट्राचे लाडके व्यक्तीमत्व - पु.ल. देशपांडे

'पुलस्पर्श होताच, दुःखे पळाली
नवा सूर, आनंदयात्रा मिळाली
निराशेतुनी माणसे मूक झाली
जगू लागली, हास्यरांगे न्हाली'

सुप्रसिध्द कवी मंगेश पाडगावकरांनी पु.ल. विषयी काढलेले वरील मौखोद्‌गार अगदी सार्थ आहेत. पु.ल. देशपांडे या अष्टपैलू कलावंताचा जन्म १९१९ मध्ये झाला. त्यांचे शिक्षण मुंबई व पुणे एम.ए.एल.एल.बी. पर्यंत झाले. त्यांच्या साहित्य वाचनाच्या आवडीमुळे विशेष करून बंगाली साहित्याबद्‌दल त्यांना आत्मीयता असल्यामुळे, संस्कृतबरोबर बंगाली भाषा ते परिश्रमपूर्वक शिकले. त्यांच्या सुरूवातीच्या काळात त्यांनी लिपिक, शिक्षक, पुढे कॉलेजात प्राध्यापक पदाचा कार्यभारही सांभाळला. साहित्यातील सर्वच कलेच्या प्रातांत त्यांनी मुशफिरी केली. आकाशवाणीवर काही वर्षे नाट्यविभागाचे प्रमुख म्हणून काम केले. विशेष म्हणजे दिल्ली दूरदर्शनवरील कार्यक्रमांचे ते पहिले निर्माते होते.

'बटाटयाची चाळ' नावावे त्यांचे पुस्तक मला खूप आवडले. केवळ विनोद म्हणून त्यात बाष्कळपणा येऊ न देता, हसवत–हसवत त्यांनी मानवी जीवनातील कारूण्याचा पदर नकळत आपल्या लेखनातून उलगडून दाखवला. त्यांच्या लेखनातील सर्वच पात्रे ही सर्वसामान्य स्तरावरील आणि दैनंदिन जीवनाचा भाग असलेली अशीच आहेत, म्हणून वाचणाऱ्याला ती आपलीशी वाटतात. त्यातून होणारी विनोद निर्मिती आनंद देऊन जाते, तर कधी आपसूक डोळ्यांच्या कडा ओलावते.

पु.ल. जवळ असामान्य निरीक्षणशक्ती होती. त्यांच्या लहानपणी त्यांच्या घरी येणाऱ्या सर्वच लहान–मोठ्या पाहुण्यांचे पु.ल. अगदी बारकाईने अचूक निरीक्षण करीत असत. त्यामुळे त्यांच्या घरातील लोकांना छोटा बाळ पु.ल. काहीतरी भयंकर तर बोलणार नाही ना ? अशी भीती वाटे.

पु.ल. च्या स्वभाव निरीक्षणाच्या अचूकतेतूनच 'व्यक्ती आणि वल्ली' साकार झाले. मानवी स्वभावाचे वैविध्यपूर्ण पैलू उलगडून त्याच्या आयुष्यातील दुःखाची हलकी किनार आपल्यापर्यंत पोहचवण्याची पु.ल. ची शब्दकिमया काही औरच होती. याच पुस्तकातील 'नारायण' हे पात्र तर आपल्या मनाच्या कोपऱ्यात चिरकाल स्थान मिळवून होते. तीच गोष्ट पु.लं. च्या 'गणगोत' पुस्तकाबाबतही सांगता येते. ही व्यक्तिचित्रे वाचत असतांना कळत–नकळत ती आपल्या भोवतालची आसपासची वाटू लागतात. आता चाळ संस्कृती लोप पावते आहे. तो आपलेपणा, देवाणधेवाणीचे कार्यक्रम हे प्रकार 'बटाटयाची चाळ' वाचतांना अनुभवास येतात. तिथे जीवाला जीव देणारे अडीअडचणीला उपयोगी पडणारे शेजारी भेटतात. तसेच आपापल्या स्वभाव वैशिष्ट्यांनी आपला वेगळेपणा टिकवून ठेवणारे काही नमुनेदार व्यक्तिसुध्दा भेटतात. पु.ल. च्या प्रत्येक पुस्तकातील प्रत्येक माणूस तसेच आपापल्या स्वभाव वैशिष्टयांनी आपला वेगळेपणा टिकवून ठेवणारे काही नमुनेदार व्यक्तिसुध्दा भेटतात. पु.ल. च्या प्रत्येक पुस्तकातील प्रत्येक माणूस आपल्यापरीने वेगळा आहे.

पु.ल. नी आपल्या आयुष्यात देश–विदेशात भरपूर प्रवास केला. या प्रत्येक प्रवासात त्यांनी भेटलेल्या माणसांचे बेरकेपण, भेटलेल्या माणसांच्या स्वभाववृत्तीच्या सूक्ष्म वर्णनासह त्या व्यक्तिरेखाही 'अपूर्वाई' 'पूर्वरंग', 'जावे त्याच्या देशा', इत्यादि प्रवासवर्णानांतून त्यांनी साकारल्या. ज्ञानेश्वरांनी वर्णन केलेला कोटी चंद्रप्रकाशाचा अनुभव युरोपातील काप्री बेटावर त्यांनी घेतला.

पु.ल. चे चित्रपट, नाटके, एकपात्री प्रयोग, सर्वच गोष्टी लोकांना आनंद देणाऱ्या, ताजे–तवाने करणाऱ्या ठरल्या. सबकुछ पु.ल. असणाऱ्या 'गुळाचा गणपती' चित्रपटात एका भोळया, सरळ, साध्या मुलाचे भावविश्व त्यांनी जे साकारले आहे. त्यास तोड नाही. म्हणजे लेखन, सादरीकरणाबरोबर अभिनेत्याचीही जबाबदारी त्यांनी उत्तमपणे पार पडली.

पु.ल. चे संवाद, गीते, अभिनय आणि दिग्दर्शनाने रसिकांना आमाप आनंद दिला. एक मात्र महत्वाचे पु.लं. चा शब्दनिष्ठ, कोटीनिष्ठ विनोद हा अभिजात होता. तो कुणालाही दुखावणारा, कुणाच्याही व्यंगावर बोट ठेवणारा नव्हता. शब्दाशब्दांवर ते लीलया, कोट्या सफाईदारपणे

करत. त्याचे उत्तम उदाहरण म्हणजे 'कोट्याधीश' हे पुस्तक होय. जे वाचकाला मनसोक्त हसवते.

कवी मनाच्या पु.ल. नी संगीताच्या दुनियेतसुध्दा तेवढीच आनंददायी कामगिरी केली. त्यांचे 'नाच रे मोरा' हे गाणे आजही ताजे, टवटवीत वाटते. त्याच्या चालीवर, लयीवर मुलांचे पाय थिरफू लागतात.

स्वानंदासाठी काव्यवाचन करता करता त्यांना जवळपास शेकडो कविता मुखोद्‌गत होत्या.

'देणाऱ्याचे हात हजारो
दुबळी आमुची झोळी'

या उक्तीचा प्रत्यय पु.ल. बाबत येते. साहित्य लेखनातून, अभिनयातून, नाटकातून पु.ल. नी जे पैसे कमावले आणि ज्या समाजाने त्यांच्या कलेचा आदर म्हणून त्यांनी दिले, त्या समाजालाच पु.ल. नी ते साभार परत केले. त्यांच्या शोधकवृत्तीमुळे कोणी अडचणीत आहे वा आजरपणासाठी पैसे हवे आहेत, असे कळले की, पु.लं. चा मदतीचा हात तेथे पोहचत असे. सर्वांना गरजेच्यावेळी त्यांनी भरभरून मदत केली.

अशा थोर दात्याचे निधन १२ जून २००० रोजी झाले. तेव्हा नभोवाणीसह मासिके, वृत्तपत्रे, साप्ताहिके, वर्तमानपत्रे सर्व प्रसारमाध्यमातून त्यांच्यावर आदरांजलीपर, संस्मरणपर लेखन केले गेले. या सर्वांनी 'पु.ल. एक आनंदयात्री' असाच गौरव केला. विविध कलांच्या क्षेत्रात वावरतांना जो आनंद पु.ल. ना मिळाला, तो त्यांनी सर्वांसाठी मुक्तपणे उधळला.

नविन्या शेंडे
B.Sc. Ist Year (B6)

Chemical हा असाच घडत असतो....

आनंदी असतो, रम्य आयुष्यात रमत असतो,
Chemical शी Bonding जोडत,
Chemical हा असाच घडत असतो....

Practical जिद्दीने करत असतो,
Beaker, Burette हा फोडत असतो,
Chemical हा असाच घडत असतो....

Analysis च्या quality control पासून तर,
Chemistry Lab पर्यंत,
विनाकारण चक्कर हा मारत असतो,
Chemical हा असाच घडत असतो....

सकाळी Submission, रात्री हा हाती पेन घेत असतो,
डोळे लागतात तरी, हात मात्र चालत असतो,
Chemical हा असाच घडत असतो....

नऊ ला येतो, पाच ला जातो
पांढर कबूतर बनून कॉलेज मध्ये फिरत असतो,
internal fail झाला तरी, External मात्र काढत असतो,
घडत असतो, Chemical हा असाच घडत असतो.

प्रतिक्षा खरडे
B.Sc. IIIrd Year (Vth Sem)

माझ्या महाविद्यालयातील शैक्षणिक वातावरण आणि मी

Education is the Movement
from Darkness to Light

विद्येविना मती गेली
मतोविना नीती गेली
नीतीविना गती गेली
गतीविना वित्त गेले
वित्ताविना शूद्र खचले
